# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 5 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 4- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 89 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ एकजुट आतंकी व कट्टरपंथी संगठन

प्रियंका चोपड़ा 2025 में बॉलीवुड में वापसी को तैयार ◀◀ 6







## हेमंत कैबिनेट का विस्तार

# 11 मंत्रियों ने ली शपथ, छह नये चेहरे शामिल, पांच मंत्री रिपीट

मेट्रो रेज

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 28 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में आयोजित भव्य समारोह में अकेले ही शपथ ली थी। आज हेमंत सोरेन के कैबिनेट के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गयी। राज भवन के अशोक उद्यान में आयोजित समारोह ग्रहण समारोह में 11 मंत्रियों को राज्यपाल संतोष गंगवार ने शपथ दिलाया। मंत्रियों के शपथ ग्रहण के पहले प्रोटेम स्पीकर के रूप में जेएमएम के वरिष्ठ विधायक रहे स्टीफन मरांडी ने शपथ ली।

कांग्रेस की दीपिका पांडेय सिंह ने ली शपथः कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली। महागामा विधानसभा सीट से दूसरी बार निर्वाचित दीपिका पांडेय सिंह इससे पहले भी हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। इस बार उन्होंने दूसरी बार मंत्री के रूप में शपथ ली।



**हफीजुल हसन ने उर्दू में ली शपथ :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के हफीजुल हसन ने मंत्री के रूप में शपथ ली। हफीजुल हसन ने अपने पिता और मंत्री हाजी हुसैन अंसारी के निधन के बाद 2021 के उपचुनाव में पहली बार जीत हासिल की। इसके बाद वो हेमंत सोरेन और चंपाई सोरेन सरकार में भी मंत्री रहे और अब लगातार तीसरी बार उन्होंने मंत्री के रूप में शपथ ली।

कांग्रेस के इरफान अंसारी ने मंत्री के रूप में ली शपथ : जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने मंत्री के रूप में शपथ ली। जामताड़ा विधानसभा सीट से तीसरी बार जीत हासिल करने वाले इरफान अंसारी पिछली बार भी आलमगीर आलम के जेल जाने के बाद मंत्री बने थे।

**जेएमएम के रामदास सोरेन बने मंत्री:** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक रामदास सोरेन ने मंत्री के रूप में शपथ ली। रामदास सोरेन पिछली बार चंपाई सोरेन के त्यागपत्र देने के बाद मंत्री बने थे। घाटशिला से तीसरी बार चुनाव में जीत हासिल करने वाले रामदास सोरेन ने दूसरी बार मंत्री के रूप में शपथ ली।

**आरजेडी के संजय प्रसाद यादव ने ली मंत्री पद की शपथ :** राष्ट्रीय जनता दल के विधायक संजय प्रसाद यादव ने मंत्री के रूप में शपथ ली। संजय प्रसाद यादव पहली बार मंत्री बने हैं। गोड्डा विधानसभा सीट से पहले भी चुनाव जीत चुके संजय प्रसाद यादव को पहली बार मंत्री बनने का अवसर मिला है।

**चमरा लिंडा ने मंत्री के रूप में ली शपथः** झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक चमरा लिंडा ने दीपक बिरुवा के बाद मंत्री के रूप में शपथ ली। चमरा लिंडा ने जेएमएम टिकट पर बिशुनपुर विधानसभा सीट से लगातार तीसरी बार जीत हासिल की है। वो पहली बार मंत्री बने हैं।

**स्टीफन मरांडी को सीएम ने दी शुभकामनाएंः** प्रोटेम स्पीकर के रूप में शपथ लेने के बाद स्टीफन मरांडी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुभकामनाएं दी।

### शपथ लेने-वाले मंत्री हैं

- राधा कृष्ण किशोर
- चमरा लिंडा
- रामदास सोरेन
- दीपक बिरूआ
- संजय प्रसाद यादव
- इरफान अंसारी
- हफिजुल हसन
- सुदिव्य सोनू
- शिल्पी नेहा तिर्की
- दीपिका पांडेय सिंह
- योगेंद्र प्रसाद



## पुष्पा 2 की स्क्रीनिंग के दौरान हादसा

# हैदराबाद में बेकाबू हुई भीड़, भगदड़ में एक महिला की मौत, 2 घायल

**नई दिल्ली:** अल्लू अर्जुन को देखने के लिए फैंस कितने क्रेजी हो उठते हैं ये बात किसी से छिपी नहीं है। इसी का नतीजा है कि उनकी फिल्म पुष्पा 2 के अनाउंसमेंट के बाद से पब्लिक के बीच इसकी दीवानगी देखी जा सकती थी। वहीं ट्रेलर रिलीज और बीच बीच में आ रहे इसके पोस्टर ने उनकी उत्सुकता को और भी बढ़ा दिया था। अब आखिरकार 5 दिसंबर को पुष्पा 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है।

दिन पहले फिल्म की स्क्रीनिंग रखी गई थी। जहां अल्लू अर्जुन को देखने के लिए अचानक से भगदड़ मच गई जिसमें एक महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। दरअसल हैदराबाद के संध्या थिएटर में इसका प्रीमियर रखा गया था। इस मौके पर अल्लू अर्जुन भी थिएटर में मौजूद थे। हालांकि, स्टार की मौजूदगी के कारण भीड़ को काबू करना मुश्किल हो गया। इस दौरान उनकी एक झलक पाने के लिए भारी संख्या में लोग भी वहां पहुंचे। बेकाबू भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए प्रशासन ने हल्का लाठीचार्ज भी किया।

मृतक महिला का नाम रेवती बताया जा रहा है। पुलिस ने सीपीआर भी दिया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। एक निजी अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। वहीं एक घायल लड़के को भी अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक महिला अपने बच्चों को बचाने की कोशिश कर रही थी जब वह भीड़ में फंस गई।



# मुंबई में आज महाराष्ट्र सीएम का शपथ ग्रहण, शिंदे- पवार लेंगे शपथ?

**मुंबई:** महाराष्ट्र में मतगणना के 10 दिन के बाद महायुति गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। देवेंद्र फडणवीस मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे और एनसीपी नेता अजित पवार डिप्टी सीएम की शपथ लेंगे। इस बीच सवाल मंत्रालय के बंटवारे को लेकर आ रहा है। इन तीनों नेताओं के अलावा कुछ मंत्री भी शपथ लेते आज नजर आ सकते हैं। संभावित मंत्रियों का नाम मीडिया में चल रहा है। राज्य में मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल की क्षमता 43 है। इसका मतलब हुआ कि कैबिनेट और राज्यमंत्री दोनों की संख्या इससे अधिक नहीं हो सकती है।

## गुमला में देर रात भीषण सड़क हादसा

# खड़े ट्रक में कार ने मारी टक्कर, तीन की मौत, दो गंभीर

■ शादी समारोह से वापस आ रहे थे सभी ■ समय पर नहीं मिला एंबुलेंस

मेट्रो रेज

**रांची/ गुमला:** गुमला के बसिया थाना क्षेत्र के बसिया मोड़ में भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई है और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना बुधवार की रात दो बजे हुई जब ये लोग कार से शादी समारोह अटेंड कर वापस लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि खड़ी बीड़ी पत्ता गाड़ी को पीछे से कार ने टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी मृतक पिस्का मोड़ हेशल देवी मंडप रोड का रहने वाला है। मृतकों में प्रवीण कुमार, रतन घोष और पवन साहू हैं। जबकि विश्वजीत घोष और असीम घोष गंभीर रूप से घायल हैं। इस घटना के बाद रांची और सिमडेगा में मातम है।



शादी अटेंड कर वापस रांची लौट रहे थे, तब हुआ हादसाः जानकारी के मुताबिक सभी लोग कार में सवार होकर रांची से सिमडेगा गए थे। शादी समारोह में सम्मलित होकर सभी पांच लोग जब वापस रांची आ रहे थे तभी कार ने बसिया के पास खड़ी एक ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर की तिव्रता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को पुलिस और ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन तब तक 3 लोगों की मौत हो गई थी।

**रात में फोन करने के बावजूद नहीं पहुंचा एंबुलेंसः** जब यह हादसा हुआ उसके तुरंत बाद 108 एंबुलेंस को फोन किया गया। लोग एंबुलेंस की इंतजार करते रहे, लेकिन घायलों को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं पहुंची। यहां तक की ग्रामीणों ने अस्पताल को भी जानाकारी दी इसके बाद भी रात को अस्पताल की ओर से कोई मदद नहीं मिली। जब इंतजार लंबा हो गया तब जाकर ग्रामीणों और पुलिस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों को अस्पताल में इलाज शुरू हुआ लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और तीन लोगों की जान जा चुकी थी। वहीं घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। इधर गुरुवार की सुबह सभी मृतकों को बसिया से गुमला सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया जा रहा है।

## बांग्लादेश में खतरे में अल्पसंख्यक !

# कट्टरपंथियों ने हिंदुओं के घरों में की तोड़फोड़, पूजा स्थलों को भी बनाया निशाना



**ढाका :** बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। यूनुस सरकार के दावों के बावजूद अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जा रहा है। सुमनगंज जिले में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदुओं के घरों पर हमला बोल दिया। भीड़ ने बीते दिन हिंदुओं के घरों पर हमला बोल दिया। हिंदू युवक पर फेसबुक पोस्ट में ईश निंदा का आरोप लगाकर हिंसा को अंजाम दिया गया। उपद्रवी भीड़ ने 100 से ज्यादा हिंदुओं के घरों में तोड़फोड़ की। घर में बने पूजा स्थलों को भी छोड़ा नहीं गया। रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में 200 से अधिक हिंदू परिवार पलायन कर चुके हैं। आरोपों के बाद ईश निंदा के आरोप में पुलिस ने सुमनगंज के मंगलारगांव में आकाश दास (20) को गिरफ्तार कर लिया।

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना ने पहली बार सार्वजनिक संबोधन दिया और यूनुस सरकार पर अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के सोचे समझे नरसंहार का आरोप लगाया।

## संभल हिंसा: विदेशी फंडिंग का एंगल आया सामने

# पाकिस्तानी कारतूस मिलने के बाद एजेंसियों को मिली अहम जानकारी

**संभल:** संभल के मोहल्ला कोटगर्वी में टंकी रोड पर कूड़े में पाकिस्तान और अमेरिका निर्मित खोखा और कारतूस मिलने के बाद पुलिस प्रशासन के साथ ही खुफिया तंत्र भी अलर्ट हो गया हैं। एलआईयू ने दिनभर जामा मस्जिद के पीछे वाली सड़क पर मेटल डिटेक्टर की मदद से नाले-नालियों में और विदेशी कारतूसों की तलाश की, लेकिन उनके हाथ कुछ नहीं लगा।

मंगलवार को पुलिस की टीमों को छानबीन के दौरान जामा मस्जिद के पीछे टंकी रोड पर पाकिस्तान ऑर्डिनेंस फैक्टरी में बने 9 एमएम का



एक खोखा, एक कारतूस और अमेरिका में निर्मित कारतूस के दो खोखे मिले थे। इसके अलावा 132 बोर के भी दो अन्य खोखे मिले थे। विदेशी कारतूस और खोखे मिलने के बाद पुलिस विदेशी फंडिंग के एंगल से भी जांच में जुट गई है। हिंसा में विदेशी हाथ होने की आशंका के चलते खुफिया तंत्र और भी अलर्ट हो गया है। बुधवार को भी पुलिस और एलआईयू की टीमों ने बवाल वाले इलाके में पहुंचकर नाले और नालियों को खंगाला। पालिका के सफाईकर्मियों से नालियों से कीचड़ निकलवाने के बाद मेटल डिटेक्टर से और विदेशी कारतूस व खोखों की तलाश की। हालांकि दूसरे दिन कुछ सबूत नहीं मिल सका। दिनभर सर्च अभियान चलाने के बाद शाम को टीम खाली हाथ लौटी।

**विदेशी कारतूस मिलना चिंता का विषय :** एसपी संभल बवाल में विदेशी कारतूसों का इस्तेमाल किया गया। मंगलवार को इसकी पुष्टि तब हुई, जब पुलिस को बवाल वाले इलाकों से पाकिस्तान और अमेरिका में निर्मित कारतूस और खोखे मिले। विदेश कारतूस मिलना चिंता का विषय है। विदेशी कारतूस जिस हथियार में इस्तेमाल किए गए उसकी भी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हैं। 9एमएम कारतूस और खोखा भी मिला है। इसलिए इस हथियार को लेकर भी पुलिस चिंतित है। 9एमएम बोर का हथियार फोर्स द्वारा ही इस्तेमाल किया जाता है। आम लोगों के लिए इस बोर के हथियार पर प्रतिबंध है। ऐसे में यह भी अंदेशा है कि हथियार विदेश से आया है। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई का कहना है कि जांच एजेंसी तो कोई नहीं आई है लेकिन संभवता जांच के लिए कोई एजेंसी आ सकती है। आला अधिकारियों को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। बताया कि जिन हथियारों में विदेशी कारतूस का इस्तेमाल किया गया है उनकी तलाश की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ



### जिला राजद ने मंत्री बनाये जाने पर संजय प्रसाद यादव को दी बधाई

**रांची:** राजद विधायक संजय प्रसाद यादव को झारखंड मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने का स्वागत करते हुए रांची जिला राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने संजय प्रसाद यादव को बधाई दी। मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री माहतो ने कहा कि उनके जिम्मे जो भी विभाग सरकार निर्धारित करेगी। उसके निर्धारण में श्री यादव झारखंड की जनता की सेवा में शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर कई राजद नेता भी उपस्थित थे। श्री महतो ने फूलों का गुलदस्ता देकर श्री यादव का स्वागत किया। गोडाडीह पंचायत सिधाबगान टोला में सोलर आधारित पेय जल टंकी में बोरिंग नहीं , अधुरा कार्य, ग्रामीण पेय जल के लिए परेशान।

### सवारी गाड़ी का टायर फटा, दर्जनों यात्री घायल घायलों से मिलने रिम्स पहुंचे विधायक



**सिल्ली:** बुधवार शाम करीब साढ़े 6 बजे यात्रियों से भरी सवारी गाड़ी का टायर जोन्हा फॉल बिरसा चौक के समीप अचानक फट गया। टायर फटने से गाड़ी अनियंत्रित होकर चबूतरा में जा टकराया, जिसे दर्जनों यात्री घायल हो गये। झामुमो नेता रिझुवा मुंडा, हरदयाल मुंडा, माया बेदिया व अन्य ने सभी घायलों को उठाकर जोन्हा के रिंची हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को रिम्स रांची रेफर कर दिया। कार्यकर्ताओं द्वारा दुर्घटना की सूचना मिलते ही सिल्ली विधायक अमित महतो घायलों से मिलने रिम्स रांची पहुंचे और सभी को ढाढ़स बांधया। साथ ही हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताते चलें कि हर रोज सवारी गाड़ी वाले कांटाटोली, लालपुर एंव रांची आसपास के विभिन्न क्षेत्र में काम करने वाले महिला एंव पुरुष मजदूरों को ठूस ठूस कर, लटका कर ले जाते है और लाते है क्षमता से अधिक लोड होने के कारण आए दिन इस तरह की दुर्घटना घटती ही रहती है।

### परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 सफलतापूर्वक संपन्न



**बोकारो :** बोकारो जिला के 89 सरकारी, गैर सरकारी सैंपल विद्यालयों में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 सफलता पूर्वक सम्पन्न किया गया। भारतीय शिक्षा नीति को और बेहतर बनाने एवं वर्तमान स्थिति को जानने के लिए यह सर्वेक्षण किया गया। सर्वे की तैयारी शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, एनसीईआरटी, सीबीएसई नई दिल्ली और जिला शिक्षा अधिकारी झारखणड सरकार सभी के आपसी समन्वय से सम्पन्न हुआ । इस सर्वेक्षण के पूर्व 96 आवजर्वर के बेहतर ज्ञान वर्धन एवं परिपक्वता के लिए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया था। 131 फील्ड इनबेस्टिगेटर्स का प्रशिक्षण बोकारो जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा द्वारा दिया गया । सर्वेक्षण विभिन्न विद्यालयों के उप-प्राचार्य, पीजीटी, टीजीटी एवं पीआरटी टीचर्स के साथ-साथ 131 फील्ड इनबेस्टिगेटर्स के माध्यम से कक्षा तृतीय , छठी एव नवंमी के बच्चो की परख सर्वेक्षण टेस्ट के पूरे मापदण्डो के आधार पर किया गया। जिसमे कक्षा तृतीय के 866, कक्षा छठी के 974, कक्षा 9वी के 1132 कुल 2972 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह सर्वेक्षण जिला समन्वयक, चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, सीबीएसई परख सर्वेक्षण के समन्वयक जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहरा एंव सीवीएसई नई दिल्ली के पर्यवेक्षक सुनील दत्त की देख-रेख में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समस्त जानकारी विद्यालय प्राचार्य सूरज शर्मा ने दी।

# झारखंड सीजीएल परीक्षा के नतीजे घोषित 16 दिसंबर से शुरू होगा दस्तावेज सत्यापन

मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) भर्ती परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। 2,025 उपलब्ध पदों के लिए कुल 2,231 उम्मीदवारों को अगले चरण यानी दस्तावेज सत्यापन के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। आयोग ने सफल उम्मीदवारों के लिए दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। सत्यापन 16 दिसंबर से 20 दिसंबर 2024 तक होगा। इस अवधि के दौरान उपस्थित नहीं होने वाले उम्मीदवार 26 दिसंबर से 27 दिसंबर के बीच आ सकते हैं, बशर्ते उन्हें अपनी अनुपस्थिति के लिए वैध कारण प्रस्तुत करना होगा।




**सुबह10.30 बजे से होगा दस्तावेज सत्यापनः** झारखंड सामान्य स्नातक योग्यता संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2023 में उनके प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए सत्यापन कालीनगर, चाय बागान, नामकोम, रांची स्थित आयोग के कार्यालय में होगा। सत्यापन दो पालियों में आयोजित किया जाएगा। पहली पाली सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक। आयोग ने उम्मीदवारों को निर्धारित समय से एक घंटा पहले पहुंचने की सलाह दी है।

**21-22 सितंबर को हुई थी परीक्षाः** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 21 और 22 सितंबर को राज्य के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित की गई थी। इस भर्ती के लिए करीब 6 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन फॉर्म भरा था। उम्मीदवारों की मेरिट सूची उनके अंकों के सामान्यीकृत अंकों के आधार पर तैयार की गई है।

### रिजल्ट ऐसे करें चेक

- सबसे पहले उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं।
- अब होम पेज पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक करें।
- अपना लॉगिन क्रेडेंशियल दर्ज करें और सबमिट विकल्प पर क्लिक करें।
- स्कोर कार्ड उम्मीदवार की स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा।
- उसे डाउनलोड करें और भविष्य के संदर्भ के लिए रिजल्ट का एक प्रिंटआउट ले लें।

## करोड़ो की लागत से आरओबी में लगा स्ट्रीट लाइट कभी जला नहीं, अंधेरे के कारण कई लोगों की जानें भी जा चुकी है

### विधायक ने कहा हर समस्या का होगा समाधान



मेट्रो रेज

**सिल्ली :** करोड़ो की लागत से बने सिल्ली रेलवे ओवर ब्रिज पर कहने को स्ट्रीट लाइट है जो पुल बनने के समय लगी लेकिन आज तक कभी जली नही। जबकि इस ओवरब्रिज से हर रोज हजारों छोटे- बडे वाहन गुजरते रहते है। रात के अंधेरे में वाहनों का नियंत्रण मुश्किल हो जाता है। ऐसा भी नहीं है कि रात के अंधेरे में यहां दुर्घटना नहीं हुई है। दुर्घटना में कई लोगों की जानें भी गई है और कई लोग घायल भी हुए है। रात के अंधेरे में ओवरब्रिज में आपराधिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है । जिसकी वजह से अप्रिय स्थिति बनी रहती है। इसके बावजूद विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि ने कभी इसकी सुधि ली। दूसरी ओर मजे की बात है कि रेलवे ओवरब्रिज के नीचे दोनों और सर्विस रोड बनाने के लिए पथ निर्माण विभाग ने 2-2 बार शिलान्यास कराया है जो अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय लोग कहते है ठेकेदार ने जहां तहां जैसे तैसे आधा अधूरा रोड बनाकर छोड़ दिया है । विभाग के अधिकारी और ठेकेदार मिले हुए हैं। दोनों ने मिलकर लागत राशि को लूटने का काम किया है। इधर इस संबंध में नवनिर्वाचित विधायक अमित महतो से पूछा गया तो उन्होंने कहा जनता की खून पसीने से कमाई का पैसे को दुरुपयोग होने नहीं दिया जाएगा, निश्चित रूप से स्ट्रीट लाइट भी जलेगा और सर्विस रोड भी बनेगा।

## पुस्तकालय विद्यालय का आवश्यक अंग : संजय बैद

### रोटरी क्लब चास द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आजाद नगर में बुक सेल्फ उपलब्ध कराया गया



**बोकारो :** रोटरी क्लब चास द्वारा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आजाद नगर में लोहे की बुक सेल्फ उपलब्ध कराई गई। रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि सरकारी स्कूल को स्मार्ट बनाने और अच्छे बदलाव के लिए रोटरी क्लब द्वारा स्कूल को किताब रखने की लोहे की बुक सेल्फ दी गई है। कार्यक्रम के संयोजक संजय बैद ने कहा की पुस्तकालय में किताबें अब व्यवस्थित तरीके से रह पाएंगी एवं बच्चों को ढूंढने में भी आसानी होगी। संजय बैद ने कहा कि छात्रों को अब जानकारियां एकत्रित करने में सहुलियत होगी। संजय बैद ने कहा की पुस्तकालय विद्यालय का आवश्यक अंग है। रोटरी क्लब चास के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा की चास रोटरी क्लब भविष्य में भी स्कूल को निरंतर रूप से अपना हर संभव सहयोग उपलब्ध कराते रहेगा। मुकेश ने कहा की रोटरी क्लब चास जरूरतमंदों की सेवा में हमेशा तत्पर रहा है। विधालय के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र प्रसाद ने लोहे की बुक सेल्फ उपलब्ध कराने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा करते हुए विद्यालय परिवार की तरफ से आभार व्यक्त किया। छात्रों के चेहरे पर भी खुशी देखी गई। इस मौके पर विनोद चोपड़ा, मुकेश अग्रवाल, संजय बैद,कुमार अमरदीप, नरेंद्र सिंह, प्रकाश केजरीवाल, संजय रस्तोगी, ललिता चोपड़ा, पूजा बैद व अन्य उपस्थित थे।

# सभी अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक में सीसीटीवी कैमरा अधिष्ठापन सुनिश्चित करें टीमः उपायुक्त

### ■ नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिकों का करें औचक निरीक्षण ■ फार्म एफ की स्क्रूटनी कर जिला समाज कल्याण को कराएं उपलब्ध, करें जांच

मेट्रो रेज

**बोकारो :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त विजया जाधव ने पूर्व गर्भधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) एक्ट अंतर्गत जिला सलाहकार समिति की बैठक की। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा, सिविल सर्जन डा. एबी प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, अनुमंडल चिकित्सा पदाधिकारी बेरमो डा. एनपी सिंह, नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सेलिना टुडू, डा. राजश्री रानी सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डा. मिता सिन्हा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जिला डाटा प्रबंधक कंचन कुमारी, विभिन्न गैर सरकारी संस्था के प्रतिनिधि प्रगति शंकर, कल्याणी सागर, सुरेश प्रसाद ठाकुर व अन्य उपस्थित थे।



बैठक में समिति अध्यक्ष सह उपायुक्त विजया जाधव ने क्रमवार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिकों में सीसीटीवी अधिष्ठापन करने को कहा। उन्होंने एक सप्ताह का समय देते हुए क्लीनिक संचालकों को इसे सुनिश्चित करने के लिए टीम को निर्देश दिया। साथ ही, क्लीनिक के बाहर अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का नाम, उपस्थित रहने का समय आदि विवरण दर्शाने को कहा। बिना वैध पहचान पत्र के कोई भी अल्ट्रांसाउंड नहीं होगा, क्लीनिक परिसर में वैध पहचान पत्रों की सूची भी प्रदर्शित करने की बात कहीं। बैठक में उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों को सभी क्लीनिकों के बाहर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमवीवाई) एवं पीसीपीएलडीटी एक्ट के तहत लिंग जांच करना अपराध है से संबंधित फ्लैक्स अधिष्ठापन का निर्देश दिया। बैठक में उपस्थित सिविल सर्जन को निजी क्लीनिक के साथ अल्ट्रासाउंड कराने को लेकर अविलंब एमओयू कराने का निर्देश दिया। साथ ही, इस योजना का व्यापक प्रचार झ प्रसार को कहा। समीक्षा क्रम में पीसीपीएनडीटी टास्क फोर्स टीम को सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी क्लिनिक फार्म-एफ में अपूर्ण जानकारी नहीं रखेगा। फार्म पूर्ण होना चाहिए एवं सिविल सर्जन कार्यालय द्वारा प्रतिमाह जिला समाज कल्याण कार्यालय को संवीक्षा कर कुछ फार्म उपलब्ध कराने एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा फार्म-एफ का आंगनबाड़ी सेविका से जांच कराने एवं प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। मौके पर पीसीपीएनडीटी के नोडल पदाधिकारी ने बताया कि टीम के लगातार प्रयास से क्लीनिकों द्वारा फार्म-एफ को पूर्ण रूप से भरा जा रहा है, समय- समय पर क्लीनिकों की जांच अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में टीम द्वारा कर एक्ट का अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। बैठक में पिछली बैठक से अब तक किए गए निरीक्षण झ कार्रवाई से भी समिति को अवगत कराया।

# जरीडीह में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला

### दो हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा, 15 कंपनियां मेले में हई शामिल

**बोकारो :** झारखंड सरकार, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वधान में बुधवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, बोकारो की ओर से एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन राजकीय कृत उच्च विद्यालय मैदान, जैनामोड़ परिसर में किया गया। इस रोजगार मेला में कुल 15 नियोजकों द्वारा भाग लेने के लिए सहमति प्रदान किया गया था, जिसमें मेसर्स सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस (एस आई एस) बोकारो स्टील सिटी, लाइफ लाइन हॉस्पिटल बायपास रोड चास बोकारो, दिनेश कंस्ट्रक्शन सेक्टर टू डी बोकारो, अमित स्टील इंडस्टरीज प्राइवेट लिमिटेड इंडस्ट्रियल एरिया बालीडीह, बोकारो, मेसर्स श्री दुर्गा इंटरप्राइजेज बोकारो, मेसर्स क्राफ्ट ऑटो सर्विसेज इंडस्ट्रियल एरिया बोकारो, एसोसिएटेड प्लेट्स एंड बेसिल प्राइवेट लिमिटेड बोकारो, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बोकारो, एल.आई.सी ऑफ इंडिया, चास, बोकारो एवं ए.एस.एस.पी.एल, रांची, एस. आई.एस, धनबाद शामिल हुए। जिसमें



कुल 1089 रिक्तियों के विरुद्ध लगभग 2000 आवेदकों ने हिस्सा लिया। इस रोजगार मेले का उद्घाटन उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस तरह के रोजगार मेला में नियोजकों एवं अभ्यर्थियों को एक प्लेटफार्म मिलता है। बोकारो जिला एक राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्र है। औद्योगिक क्षेत्र में विभिन्न प्रकार योग्यताधारी आवेदकों की आवश्यकता होती है। युवा तकनीकी रूप से तैयार रहें ताकि स्थानीय स्तर पर ही रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। बोकारो जिला में आवेदकों को नियोजनालय में निबंधन कराने के लिए कहा गया ताकि *नियोजनालय द्वारा एसएमएस द्वारा रिक्ति/रोजगार मेला से संबंधित सूचना उपलब्ध कराया जा सके एवं रोजगार मेला में भाग लेकर सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी रोजगार को छोटा नहीं समझना चाहिए। उदाहरण देते हुए पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम साहब के संबंध में बताया कि वे साधारण सी नौकरी अखबार बेचते हुए शुरू किया और राष्ट्रपति पद तक ऊंची पद तक पहुंचे। इस रोजगार मेला में मंच पर अतिथियों को जिला नियोजन पदाधिकारी अवर प्रादेशिक नियोजनालय, बोकारो बम बैजु ने रोजगार मेला के संदर्भ में प्रकाश डाला गया। आने वाले जनवरी 2025 माह में बोकारो जिला में रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय उम्मीदवारों को अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा एवं झारखंड राज्य के क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार के लिए नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत 75 प्रतिशत स्थानीय उम्मीदवारों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन किशोर कुमार सिन्हा द्वारा किया गया।रोजगार मेला में कुल 48 अभ्यर्थियों को चिन्हित एवं कुल 1306 शॉर्ट लिस्टेड किया तथा इस अवसर पर कुल 12 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। रोजगार मेला के सफल आयोजन में अंचल अधिकारी जरीडीह प्रणव ऋतुराज एवं एसस्ट्रेक पीपल एण्ड पावर एसोसिएशन जैना मोड़ के निदेशक एवं सदस्यों का सहयोग अहम रहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि एवं बांसडीह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

## शिकायत पर उपायुक्त ने लिया संज्ञान, जांच कमेटी गठित

### गृह रक्षक द्वारा कमान के बदले अवैध राशि मांगने का मामला

**बोकारो :** उपायुक्त विजया जाधव ने महिला गृह रक्षक अमरावती कुमारी द्वारा कमान देने के बदले गृह रक्षक कार्यालय द्वारा अवैध राशि की मांग किए जाने की शिकायत पर संज्ञान लिया है। उपायुक्त ने मामले की निष्पक्ष जांच के लिए दो सदस्यीय टीम गठित किया है। टीम सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए उपायुक्त को प्रतिवेदन समर्पित करेगी। जांच टीम में जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर एवं जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन शामिल हैं। वहीं, उपायुक्त के निर्देश पर जांच टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम 05 दिनों में अपना प्रतिवेदन समर्पित करेगी।

**क्या है मामला :** महिला गृह रक्षक अमरावती देवी सैन्य संख्या-1880 ने अपने आवेदन में झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी का कमान नहीं देने एवं कमान मांगने पर अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज एवं रूपया मांगने के संबंध में आवेदन किया है। उन्होंने कार्यालय के अधिकारी -कर्मियों पर गंभीर आरोप लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेनों का परिचालन हुआ सामान्य

**रांची:** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी - रांची - बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर, यात्रा प्रारंभ दिनांक 05/12/2024 को रद्द किया गया था लेकिन अब ये ट्रेनें यात्रा प्रारंभ दिनांक 05/12/2024 को अपने निर्धारित मार्ग एवं समय के अनुसार सामान्य रूप से परिचालित होंगीं।

### पेयजल की समस्या से जूझते लोग



**मुरी:** सिल्ली प्रखंड के गोडाडीह पंचायत के सिधाबगान टोला में नेहरू महतो के घर के सामने पेय जल टंकी में बोरिंग नहीं होने से पेय जल की समस्या काफी दिनों से बनी हुई है। उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सिधा बगान के चापाकल का पानी ही पूरे टोला के लोग पीते हैं। अगर चापाकल किसी कारण से खराब हुआ तो ग्रामीण गड्ढे में जमा पानी (डाड़ी) पानी को मजबूर हो जाते हैं। सरकार की तरफ से सोलर आधारित पेय जल टंकी सिधाबगान टोला के दो जगहों पर लगाने के लिए आया था। जिसमें सिधाबगान कुम्हार टोला में सोलर आधारित पेय जल टंकी को बोरिंग के साथ पूरा किया गया। वहीं सिधाबगान नेहरू महतो के घर पास बोरिंग ही नहीं किया गया जो साल भर से अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल लोहे के चैनल पर सोलर प्लेट फीट कर दिया और टंकी रख दिया गया। बोरिंग भी नहीं किया। केवल एक बार बीच में अधूरी टंकी के सामने फोटो कर चला गया। इसकी शिकायत गांव के नेहरू महतो,लोबिन महतो, मंजु देवी, जयंती देवी,गुरूचरण महतो, गीता देवी को भी है। इसके लिए ये लोग बराबर आवाज उठाए हैं। चुनाव के समय आए प्रत्याशी देवेन्द्र महतो को इस समस्या से अवगत कराया गया भी था। आज सिधाबगान में मुख्य समस्या पेय जल ही बनता जा रहा है।

### सताएगी ठंड, गिरेगा तापमान, आठ दिसंबर से बारिश की संभावना

**रांची:** झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है। आने वाले दिनों में वर्षा भी होगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी है। मौसम केंद्र रांची ने कहा है कि झारखंड में अगले 2 दिन में तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट होगी, जिससे सर्दी सतायेगी।

**गिरेगा तापमान:** मौसम केंद्र रांची ने झारखंड राज्य के लिए जो मौसम पूवार्नुमान जारी किया है, उसमें कहा है कि धीरे-धीरे तापमान में 4 डिग्री तक की गिरावट आएगी। इसके बाद फिर 2 दिन में न्यूनतम तापमान धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा। मौसम वैज्ञानिक ने कहा है कि रविवार (8 दिसंबर) से झारखंड के कुछ जिलों में वर्षा भी होगी।

8 और 9 दिसंबर को झारखंड में होगी बारिश: मौसम वैज्ञानिक ने कहा कि 8 दिसंबर को झारखंड के उत्तर-पश्चिमी और उससे सटे पश्चिमी हिस्से में कहीं-कहीं हल्के दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। इसके बाद 9 दिसंबर को भी बारिश का दौर जारी रहेगा। हालांकि, यह पूरे झारखंड में नहीं होगी। राज्य के कुछ हिस्सों में हल्के दर्जे की वर्षा हो सकती है। इसके बाद 10 दिसंबर से आसमान साफ हो जाने का अनुमान है। रांची में 9 दिसंबर को बारिश की संभावना: मौसम केंद्र का अनुमान है कि रांची में 8 दिसंबर को आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। 9 दिसंबर को राजधानी में हल्के दर्जे की वर्षा होने की भी संभावना है। बादल और बारिश के दौरान न्यूनतम तापमान बढ़कर 12 से 14 डिग्री हो जाने का अनुमान है। हालांकि, मौसम को लेकर कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

### अंतराष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम, वकीलों को किया गया सम्मानित




**रांची:** शिवा लिंगम मानव सेवा संस्थान,लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर एवं छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच यूनिट (छात्र क्लब ग्रुप)के संयुक्त तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस शिवा लिंगम के ट्रस्टी दीपक कुमार साहू की अध्यक्षता में रातू रोड स्थित गैलक्सी मॉल में मनाया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी लायन विजय पाठक,विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश,बुद्धिजीवी मंच के संयोजिका कुमारी अनिता मौजूद थीं। कार्यक्रम के पहले दिन अधिवक्ता भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ।राजेंद्र प्रसाद के जीवन इतिहास पर प्रकाश डालते हुए प्रातः प्रभात फेरी निकाली गई, तत्पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच गर्म वस्त्र टोपी,स्वेटर एवं बिस्किट,मिठाई आदि का वितरण किया गया।

आज कार्यक्रम के दूसरे दिन सामाजिक एवं मानव हित में सराहनीय कार्य करने वाले अधिवक्ता लायन प्रेम शंकर मिश्रा,अधिवक्ता गोपाल वर्मा, अधिवक्ता विनोद कुमार साहू, अधिवक्ता अलख निरंजन वर्मा, अधिवक्ता मिसेज एशिया रिंकू भकत,अधिवक्ता सुष्मिता कुमारी,अधिवक्ता नेहा शर्मा, अधिवक्ता रेणु तिर्की को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

मौके पर अधिवक्ता लायन प्रेमशंकर मिश्रा ने कहा अधिवक्ता समाज के एक अभिन्न अंग है मै हर वर्ग के लोगों की खुशी चाहता हूं,इस खुशी के लिए मैं आखिरी समय तक जरूरतमंदों का साथ देता हूं।अधिवक्ता गोपाल वर्मा एवं अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने कहा हमलोग अधिवक्ता होने के नाते जहां भी कानूनी सलाह की जरूरत हो वहां निःशुल्क कानूनी सलाह दूंगा,शिवा लिंगम के ट्रस्टी दीपक कुमार साहू ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा हार जीत लगी रहती है लोग अपने केस में हारे या जीते हमेशा अधिवक्ताओं का सम्मान करें। मुख्य अतिथि विजय पाठक ने कहा देश की आजादी एवं संविधान के निर्माण के लिए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद ने महत्वपूर्ण योगदान दिया था वहीं संतोष कुमार श्रेयांश ने कहा देश रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी के जन्मदिन पर प्रति वर्ष 3 दिसंबर को राष्ट्रीय अधिवक्ता दिवस मनाया जाता है।

# जलाशयों का अतिक्रमण चिह्नित कर करें कार्रवाई: उपायुक्त

## शहरी क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के संरक्षण , अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त कराने को लेकर बैठक



मेट्रो रेज

**रांची:** डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में शहरी क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के संरक्षण और अतिक्रमण व प्रदूषण मुक्त कराने को लेकर बैठक हुई। इसके लिए टास्क फोर्स के गठन पर चर्चा हुई। डीसी ने शहरी क्षेत्र के सभी जल स्त्रोतों के मूल नक्शा को आधार बनाकर भूमि व आसपास की सरकारी भूमि पर किये गये अतिक्रमण व अवैध निर्माण को चिह्नित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों को भुसूर नदी, हिनू नदी, कांके डैम सहित सभी जगह जहां अतिक्रमण है, वहां पर कार्रवाई करने को कहा।

अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद स्पष्ट सीमांकन करें: डीसी ने कहा कि अतिक्रमण मुक्त कराने के बाद स्पष्ट सीमांकन करें, जिससे दोबारा इस क्षेत्र पर अतिक्रमण नहीं हो। अगर कोई अतिक्रमण करता भी है, तो आसानी से इसे चिह्नित किया जा सकता है। वहीं, ऐसे क्षेत्रों का नियमित अंतराल पर निरीक्षण करें। बैठक में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर नगर प्रशासक (नगर निगम) संजय कुमार, उप समाहर्ता संजय कुमार उपस्थित थे।

शहीद आवास का निर्माण जल्द पूरा करने का निर्देश: डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी समीक्षा की। इसमें साइकिल वितरण, वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्री मैट्रिक छात्रवृति, शहीद ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना व कल्याण विभाग के छात्रावास (एसटी/एससी/अल्पसंख्यक) की मरम्मत व जीर्णोद्धार के बारे में जानकारी ली। इसके बाद पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। शहीद ग्राम विकास योजना की समीक्षा कर निर्माणाधीन शहीद आवास को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। वहीं, स्वास्थ्य सहायता के आवेदन का निबटारा करने का निर्देश दिया।

### उपायुक्त ने की कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा , दिये कई दिशा- निर्देश

**रांची :** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने समाहरणालय में बैठक कर कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची संजय कुमार भगत, सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य और सभी सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

डीसी ने साइकिल वितरण, वित्तीय वर्ष- 2024-25 प्री मैट्रिक छात्रवृति, शहीद ग्राम विकास योजना एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, कल्याण विभागीय छात्रावास (एसटी/एससी/अल्पसंख्यक) के मरम्मती एवं जीर्णोद्धार की क्रमवार समीक्षा करते हुए सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साइकिल वितरण में तेजी लाने का निर्देश : डीसी ने साइकिल वितरण वित्त वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 का वितरण में तेजी लाने का निर्देश सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को देते हुए कहा की छात्रों को विद्यालय आने- जाने में कोई परेशानी ना हो इसके लिए साइकिल वितरण में तेजी लायें।

छात्रवृति प्री मैट्रिक (वित्त वर्ष 2024-25) को लेकर प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश : डीसी ने छात्रवृति प्री मैट्रिक (वित्त वर्ष 2024-25) की समीक्षा करते हुए विद्यालय द्वारा ई कल्याण में पंजीकृत छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अनुमोदन कराने के लिए सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया ताकि छात्रवृति का भुगतान ससमय किया जा सकें।

शहीद ग्राम विकास योजना : शहीद ग्राम विकास योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने सम्बंधित पदाधिकारी को इसके तहत निमार्णाधीन शहीद आवास को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना : मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने इस योजना के तहत प्राप्त होने वालें आवेदन को जल्द से जल्द उछउ की बैठक करते हुए लाभुकों को चिकित्सा लाभ से लाभान्वित कराने का निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग छात्रावास : डीसी ने कल्याण विभागीय छात्रावास (एसटी/एससी/अल्पसंख्यक) के मरम्मती एवं जीर्णोद्धार की क्रमवार समीक्षा करते हुए कहा की मरम्मती योग्य छात्रावास की जल्द से जल्द मरम्मती करवाने को कहा। साथ ही कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने डीसी को कई समस्या से अवगत कराया। जिसके लिए डीसी ने विद्यालय की समस्या का निराकरण कराने के लिए परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण रांची को दिया। साथ ही जनजाति विकास अभिकरण रांची के ढटव सेल को निर्देश दिया गया की विद्यालय द्वारा अवगत कराए गए समस्या का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना : डीसी ने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की समीक्षा करते हुए कहा की इसके तहत आए आवेदनों की समीक्षा करने का निर्देश दिया।

# एचइसी कर्मियों को नहीं मिल रही ईएसआई की सुविधा, परेशानी

## स्थायी कर्मियों की भी मेडिक्लेम की सुविधा समाप्त




मेट्रो रेज

**रांची:** गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे एचइसी कर्मियों का जहां 28 माह का वेतन बकाया हो गया है। वहीं पिछले एक माह से अस्थायी रूप से नियुक्त किये जा रहे सप्लाई कर्मी अपनी बीमारी को इस उम्मीद में पाल रहे हैं कि उन्हें जल्द से जल्द ईएसआई की सुविधा मिलेगी। जानकारी के अनुसार प्रत्येक दिन औसतन 15 से 20 अस्थायी कर्मी अपना तथा परिजन की बीमारी के इलाज के लिए एचइसी मुख्यालय का चक्कर काट रहे हैं। कर्मियों का कहना है कि एचइसी वेलनेस सेंटर में सुविधा नगण्य हैं। वहां मरहम-पट्टी भी खुद खरीद कर लाना पड़ता है। ऐसे में गंभीर बीमारी से ग्रस्त कर्मी एमआरआइ, सीटी स्कैन, सीवीसी, लीपिड प्रोफाइल, सिरम क्रिटनीन, थॉयराइड की जांच कहां करायेंगे। कर्मी पिछले एक माह से प्रबंधन की पहल पर प्लांटों में कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें मेडिकल सुविधा नहीं मिल रही है।

**यूनियनों ने कहा :** जल्द इएसआइ की सुविधा बहाल करे प्रबंधनहटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री लीलाधर सिंह ने कहा कि प्रबंधन से इएसआइ सुविधा जल्द बहाल करने की मांग की गयी है। लेकिन प्रबंधन आर्थिक स्थिति खराब होने की बात कह कर समय ले रहा है। जल्द ही यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल मिलकर प्रबंधन पर दबाव बनायेगा। वहीं एचइसी सप्लाई संघर्ष समिति के मनोज पाठक ने कहा कि इलाज के लिए कई कर्मी इंतजार में हैं। इएसआइ जल्द लागू होने से उनका इलाज संभव हो सकेगा। हटिया कामगार यूनियन के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा कि कंपनी एक्ट के तहत अस्थायी कर्मियों को तत्काल इएसआइ की सुविधा मिलनी चाहिए। प्रबंधन यह सुविधा नहीं देकर कर्मियों के साथ न्याय नहीं कर रहा है।

स्थायी कर्मियों की भी मेडिक्लेम की सुविधा समाप्तः एचइसी में कार्यरत स्थायी कर्मियों की भी मेडिक्लेम की सुविधा नवंबर में समाप्त हो गयी है। जब तक प्रबंधन राशि जमा नहीं करेगा, स्थायी कर्मियों को भी इलाज कराने में परेशानी है। प्रबंधन का कहना है कि जल्द इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाया जायेगा।

### आरपीएफ ने की गर्भवती महिला की सहायता



**रांची:** आरपीएफ के मंडल सुरक्षा आयुक्त, पवन कुमार द्वारा आरपीएफ को महिलाओ, बच्चों और बुजुर्गों की सहायता के लिए उचित दिशा निर्देश दिये गये है। इसी क्रम में आज ट्रेन 13352 (एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस) के मुरी रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर आरपीएफ मुरी और मेरी सहेली टीम ने ऑपरेशन मातृ शक्ति के तहत एक गर्भवती महिला को देखा। फिर मुरी के सहायक मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को इसके लिए मैसेज भेजा। मौके पर मौजूद मेरी सहेली टीम ने उक्त महिला को प्रारंभिक सहायता प्रदान की। बाद मे मुरी रेलवे के स्वास्थ्य अधिकारी ने उस महिला को प्राथमिक चिकित्सा के बाद आरपीएफ एस्कॉर्ट के साथ सदर अस्पताल, सिल्ली भेज दिया। बाद मे उक्त महिला ने एम्बुलेंस के अंदर एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया। पूछताछ करने पर पता चला कि महिला आंचल देवी (उम्र 21 वर्ष), पत्नी अर्जुन भगत, निवासी जयनगर, पोस्ट-उरलाहा, थाना-उरलाहा, जिला-पूर्णिया (बिहार) अपने पति के साथ कोयंबटूर से धनबाद तक ट्रेन संख्या 13352 (एलेप्पी-धनबाद एक्सप्रेस) में जनरल टिकट लेकर यात्रा कर रही थी। प्रसव पीड़ा शुरू होने के कारण दंपत्ति मुरी में उतर गए थे। आंचल देवी और उनके पति ने समय पर त्वरित कारवाई तथा जीवन रक्षक के लिए आरपीएफ और स्वास्थ्य इकाई, मुरी का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

**कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, राँची**
**विकास भवन, कचहरी रोड, राँची - 834001**
**(मनरेगा कोषांग)**

**मनरेगा अन्तर्गत पद–लेखा सहायक एवं पद–कम्प्यूटर सहायक की रिक्ति बल के विरूद्ध अग्रेतर नियुक्ति प्रक्रिया संबंधी सूचना**

राँची जिला में मनरेगा अन्तर्गत संविदा आधारित रिक्ति के विरूद्ध विज्ञापन ज्ञापांक –1235(ii)/जि०ग्रा०, दिनांक–19/10/2023 के माध्यम से विभागीय वेबसाईट पर आवेदन आमंत्रित किया गया।

पद–लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक की रिक्ति के विरूद्ध संबंधित आवेदकों की प्रारंभिक मेधा सूची राँची जिला की अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर प्रकाशित करते हुए ज्ञापांक 953(ii)/ जि०ग्रा० दिनांक 21.08.2024 के द्वारा दावा/आपत्ति आमंत्रित की गई थी। प्राप्त दावा/आपत्ति के निराकरण के पश्चात् तैयार अंतरिम मेधा सूची राँची जिला की अधिकारिक वेबसाईट www.ranchi.nic.in पर प्रकाशित की गई है।

संबंधित अभ्यर्थी अपने विवरणी पर किसी प्रकार का अंतरिम दावा/आपत्ति दिनांक 07/12/2024 तक निश्चित रूप से किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय अवधि में उप विकास आयुक्त, राँची के कार्यालय, विकास भवन, कचहरी रोड, राँची में साक्ष्य के साथ समर्पित करेंगे।

नोटः– दावा/ आपत्ति प्राप्त करने की अंतिम तिथि के उपरांत किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

उप विकास आयुक्त,
राँची

PR 341216 District(24-25).D

**न्यायालय : अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़**

**आदेश**

महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड राँची के ज्ञापांक– 429/एन0जी0ओ0 दिनांक 07.08.2024 एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के ज्ञापांक 5438/गो0 दिनांक 20.10.2024 द्वारा सूचना दिया गया है कि जिला में स्थापित 1. बैंक 2. ATM 3. ज्वेलरी 4. पेट्रोल पम्प 5. होटल 6. रेस्टोरेंट 7. सिनेमा हॉल 8. शराब की दुकानें 9. मल्टी स्टोरी फ्लैट/Housing Society 10. बस स्टेण्ड/ऑटो स्टेण्ड 11. Paid Parking 12. Private संचालित हॉस्टल 13. अस्पताल 14. मॉल्स 15. दवा दुकान पर पर्याप्त संख्या में CCTV CAMERA उपलब्ध नहीं है। इसके चलते अपराधियों को चिन्हित करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है एवं जान सुरक्षा में भी समस्या उत्पन्न होती है। उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुमण्डल क्षेत्रान्तर्गत शहरी क्षेत्रों में BNSS की धारा 163 (Crpc की धारा–144) के अंतर्गत महत्वपूर्ण स्थानों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाने एवं उसके क्रियान्वयन/संचालन हेतु आदेश निर्गत करने के लिये निर्देशित किया गया है।

अतः BNSS की धारा 163 (Crpc की धारा–144) अंतर्गत अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न आदेश निर्गत किया जाता है :–

- अंकित स्थान 1. बैंक 2. ATM 3. ज्वेलरी 4. पेट्रोल पम्प 5. होटल 6. रेस्टोरेंट 7. सिनेमा हॉल 8. शराब की दुकानें 9. मल्टी स्टोरी फ्लैट/Housing Society 10. बस स्टेण्ड/ऑटो स्टेण्ड 11. Paid Parking 12. Private संचालित हॉस्टल 13. अस्पताल 14. मॉल्स 15. दवा दुकान पर अच्छी गुणवत्ता के CCTV CAMERA पर्याप्त संख्या में लगाये जायेंगे। इन कैमरों में या तो रिकॉर्डिंग सिस्टम होगा या फिर कैमरे की लाइव फीड को CLOUD पर भेजने की व्यवस्था होगी। ये कैमरे अंकित स्थानों के भीतर एवं बाहर लगाये जायेंगे।
- कैमरे की संख्या इतनी होनी चाहिये कि उक्त प्रतिष्ठान के आस–पास पड़ने वाले पब्लिक एरिया (आम जगह) जहाँ पर आम जनता के आवागमन का संभावना हो, को कवर किया जा सके एवं उनके कैमरे के माध्यम से उक्त एरिया पर नजर रखी जा सके।
- कैमरा लगाते समय इस बिन्दु पर विशेष ध्यान दिया जाये कि किसी की निजता भंग न हो। विशेषकर जिस क्षेत्र में महिला, बच्चे इत्यादि रहते हो या प्रयोग करते हो उस क्षेत्र का कवरेज न हो।
- प्रत्येक ऐसे संस्थान/प्रतिष्ठान के प्रभारी की जिम्मेवारी होगी की वे सुनिश्चित करे कि वे CCTV CAMERA सही ढंग से कार्य करे।
- यदि इन CCTV CAMERA में रिकॉर्डिंग सिस्टम है तो रिकॉर्डिंग को कम से कम 15 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगा। यदि रिकॉर्डिंग CLOUD पर भेजी जा रही है तो भी सुनिश्चित किया जायेगा कि 15 दिन तक उसे सुरक्षित रखा जाए।
- प्रतिष्ठानों की जवाबदेही होगी कि यदि उक्त क्षेत्र के स्थानीय पुलिस (थाना प्रभारी) के द्वारा लिखित रूप से किसी अवधि की कैमरे की रिकॉर्डिंग/फीड मांगी जाती है तो वह उसे अविलम्ब उपलब्ध करायेगा।
- यह आदेश दिनांक 02.12.2024 से दिनांक 30.01.2025 (कुल अवधि 60 दिन) के लिए लागू होगी। अगर इसे, उससे पहले वापस न ले लिया जाय।

सभी को सूचित किया जाता है कि उपर अंकित BNSS की धारा–163 (Crpc की धारा–144) के आदेश के उल्लंघन BNSS की धारा–223 (IPC की धारा–188) के अंतर्गत दण्डनीय है।

चूँकि इस नोटिस को प्रत्येक प्रतिवादी को व्यक्तिगत रुप से देना संभव नहीं है। अतः इस आदेश एक पक्षीय (Ex-Parte) पारित किया जा रहा है। आदेश दिया जाता है कि इस आदेश को अखबार/सोशल मिडिया/नोटिस बोर्ड एवं अन्य माध्यम से आम जनता को सूचना हेतु उपलब्ध कराया जाय।

ह0/–
अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
रामगढ़।

PR.NO.341187 District(24-25):D

# हॉरर टीवी सीरियल रामसे हाउस के प्रसारण से दर्शकों में उत्साह

## धनबाद की मिन्नत फातिमा सीरियल में कर रही है नेगेटिव रोल



**रांची:** फालगुनी फिल्म्स एंड टीवी एलएलपी के बैनर तले बनी हॉरर टीवी सीरियल रामसे हाउस का 1 दिसम्बर 2024 से डीडी नेशनल पर प्रसारण किया जा रहा है और ओटीटी वेब दूरदर्शन पर भी टेलीकास्ट होगा। यहा रामसे प्रोडक्शन का काफी हॉरर टीवी शो है। इसमें झारखंड धनबाद से सिने जगत में बहुत तेजी से उभरती बॉलीवुड एक्ट्रेस मिन्नत फातिमा खान नगेटिव रॉल अदा कर रही हैं, मशहूर अभिनेता अली असगर, हेमन्त पांडेय है जिस कारण कॉमेडी का तड़का भी है। एक्ट्रेस मिन्नत फातिमा खान ने कहा कि जब में छोटी थी तो हमेशा से ही हॉरर शो करना चाहती थी और आज रामसे प्रोडेक्शन से हॉरर शो कर रही हूँ और डीडी नेशनल पर आना मेरे लिए बहुत बड़ी गर्व की बात है क्योंकि बचपन से ही डीडी नेशनल देखती आ रही हूँ। हॉरर कार्यक्रम रामसे हाउस का प्रसारण डीडी नेशनल चैनल पर किया गया है। जिससे रामसे ब्रदर्स के नाम को आगे बढ़ाने का काम निर्देशक दीपक तुलसी रामसे कर रहें हैं। रामसे ब्रदर्स अपनी हॉरर फिल्मों और टीवी सीरियल के लिए ही जाने जाते हैं। ऐसे में दीपक तुलसी रामसे से दर्शकों को बहुत उम्मीदें हैं। इस कार्यक्रम के प्रसारण की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में चर्चा जोरों पर हैं। साथ ही दर्शकों में उत्साह हैं और बेसब्री से कार्यक्रम के प्रसारण का इंतजार कर रहें हैं। निर्देशक दीपक तुलसी रामसे ने बताया कि रामसे ब्रदर्स जिस काम के लिए जाने जाते हैं, वे भी उनके नाम और काम को बरकरार रखें। दर्शकों को निराशा नहीं होगी। इस कार्यक्रम से भी दर्शकों को भरपूर हॉरर हास्य मनोरंजन मिलेगा। जैसा रामसे ब्रदर्स की फिल्मों और कार्यक्रम में कुछ अलग देखने को मिलता था। ठीक वैसे ही उन्होंने पूरी कोशिश की हैं कि दर्शकों को अलग और बेहतरीन हॉरर मनोरंजन का अनुभव मिलें। इस 52 कड़ियों के धारावाहिक में मुख्य भूमिका में प्रसिद्ध कलाकार अली असगर, हेमन्त पांडेय, अमिता नागिया, शिवा रिंदानी, जाहिद शाह, कमलेश सावंत और दिवंगत अतुल पचौरे इत्यादि काम कर रहे हैं। रामसे हाउस के निमार्ता अमित रमेश काले,सरिता महाकाले, दीपक तुलसी रामसे, एम सलीम हैं,लेखक एम सलीम और क्रिएटिव प्रोड्यूसर जाहिद शाह छायांकन जावेद एहतेशाम,सहयोगी निर्देशक तनु पेंडेकर और म्यूजिक अविजित दास ने दिया है।

## सुविचार

**इंसान तो घर-घर पैदा होते हैं, लेकिन इंसानियत बस कहीं-कहीं ही जन्म लेती है।**

## स्वदेशी ज्ञान को मान

परतंत्रता, वक्त के थपेड़ों व कालांतर बाजार के गहरे दखल से भले ही भारत का प्राचीन सेहत का ज्ञान सदियों से हाशिये पर रहा है, लेकिन पिछले एक दशक के राजाश्रय में इसकी देश-विदेश में प्रतिष्ठा स्थापित हुई। भारत में अथाह गरीबी के चलते प्रकृति के सान्निध्य में सेहत के गुर को महसूस करते हुए महात्मा गांधी ने प्राकृतिक व परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को देश में प्रतिष्ठा दी थी। आज भी उनके अनुयायी पूरे देश में इस मुहिम में जुड़े हुए हैं। यह सुखद ही है कि एक दशक पूर्व राजग सरकार ने जिस आयुष मंत्रालय की स्थापना करके इस दिशा में जो रचनात्मक पहल की थी, उसके उत्साहजनक परिणाम सामने आ रहे हैं। उसके चलते भारत ही नहीं, विदेशों में भी हमारी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस अभियान के एक दशक पूरे होने पर आयुष मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2014 में जो आयुष बाजार 2.8 अरब डॉलर था, उसका आकार बीते साल तक 43.4 अरब डॉलर हो गया है। ये एक बहुत उत्साहजनक आंकड़ा है। इतना ही नहीं आयुष बाजार का निर्यात भी दुगना हुआ है। जिससे इस पद्धति की अंतर्राष्ट्रीय स्वीकार्यता का पता चलता है। यानी इन्हें एक पूरक चिकित्सा के रूप में मान्यता मिल रही है। निस्संदेह, आधुनिक चिकित्सा पद्धति ने शोध-अनुसंधान व बड़े पूंजी निवेश के चलते अप्रत्याशित उन्नति की है। ऐसे में यदि विज्ञान व परंपरागत चिकित्सा पद्धति में समन्वय बने तो मानवता का कल्याण ही होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि तीव्र विकास की छाया में गरीबी का भी विस्तार हुआ है। महंगी होती चिकित्सा पद्धति गरीब की पहुंच से दूर होती जा रही है। सरकारी चिकित्सा तंत्र मरीजों के भारी बोझ से चरमरा रहा है। ऐसे में यदि जीवन शैली में सुधार, सजगता व शारीरिक सक्रियता से लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिले तो किसी को परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसे पूरक चिकित्सा पद्धति के रूप में स्वीकार किया ही जाना चाहिए।

यह भी एक हकीकत है कि आयुष बाजार के विस्तार से जहां सेहत के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उपचार में मदद मिली है, वहीं इससे रोजगार व उद्यमिता को भी संबल मिला है। एक ओर जहां आयुर्वेदिक दवाओं के उत्पादन से रोजगार बढ़े हैं, वहीं इसमें प्रयोग की जाने वाली जड़ी-बूटियों, फल और इससे जुड़े जैविक उत्पादों से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी संबल मिला है। कमोबेश इसी तरह योग से जुड़ी सामग्री का निर्यात भी तेजी से बढ़ा है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से योग को वैश्विक मान्यता मिली है। हालांकि, अमेरिका,यूरोप व आस्ट्रेलिया आदि में योग के सामान से जुड़ा कारोबार ज्यादा ऊंचाइयां छू रहा है। यह सुखद है कि हम देर से ही सही, इस दिशा में आगे बढ़े हैं। हमारे आयुर्वेद के उत्पादों को विश्व स्वास्थ्य संगठन की मान्यता मिलना भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ने के लिये साझे प्रयास जरूरी हैं। ऐसे में बहुत जरूरी हो जाता है कि हम आयुष उत्पादों की गुणवत्ता बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें। उनका आधार वैज्ञानिक प्रमाण हों। इससे भारत पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के जरिये वैश्विक नेतृत्व करने में सक्षम हो सकेगा। दरअसल, भारतीय परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों मसलन आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा,योग, सिद्ध आदि पद्धतियों की धारणा रही है कि किसी रोग को दबाने के बजाय उसके कारकों का उपचार किया जाए। साथ ही यह भी कि हमारे विचार, खानपान और प्रकृति का सान्निध्य जीवन को स्वस्थ बनाने में मददगार होता है। जिसका मूल आधार हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना होता है। लेकिन इसके मायने आधुनिक चिकित्सा पद्धति की अनदेखी नहीं है, बल्कि समन्वय ही है। निश्चित रूप से यदि विज्ञान व परंपरा के समन्वय का मणिकांचन संयोग होगा तो सेहत के लक्ष्य हासिल करना ज्यादा आसान होगा। भारतीय जीवनशैली, खानपान, परिवेश व ऋतुचक्र के अनुरूप यदि उपचार होगा तो उसका सकारात्मक प्रतिसाद भी मिलेगा। ऐसे में हमारी सस्ती परंपरागत चिकित्सा पद्धतियां गरीब, विकासशील व ग्लोबल साउथ के देशों को आरोग्य की राह दिखा सकती हैं। जरूरी है कि सदियों के अनुभव से हासिल गुणवत्ता व प्रमाणिकता के परंपरागत ज्ञान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के मध्य तालमेल की कोशिश की जाए।

## मुफ़्त की बड़ी कीमत

सत्ता हासिल करने के लिये शॉर्टकट रास्ता अख्तियार कर मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की कीमत अब पंजाब और हिमाचल चुका रहे हैं। दोनों राज्य फिलहाल गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह आर्थिक संकट चुनावी अभियानों के दौरान किए गए लोकलुभावन वायदों के चलते ही उत्पन्न हुआ है। जिसके कारण पिछले दिनों हिमाचल में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन देने में व्यवधान देखा गया। पंजाब में विधानसभा चुनाव के दौरान आम आदमी पार्टी ने मतदाताओं को तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था। सत्ता में आने पर राज्य सरकार ने अपने वायदे को अमली जामा पहनाया। जिसके चलते चालू वित्त वर्ष के लिये बीस हजार करोड़ से अधिक सब्सिडी बिल आया है। इसी तरह कांग्रेस के नेतृत्व वाली हिमाचल सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को खुश करने के लिये पुरानी पेंशन लागू करने का वायदा किया। यह तय था कि इस घोषणा से राज्य की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस आसन्न संकट को महसूस करते ही विगत में केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन योजना से हाथ खींच लिया था। लेकिन अब हिमाचल सरकार द्वारा पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस को पुनर्जीवित करने से, पहले से ही संकटग्रस्त सरकारी खजाने पर एक बड़ा बोझ और बढ़ गया है। वहीं पंजाब में सब्सिडी भुगतान में देरी से पंजाब की स्थिति और खराब हो गई है। लंबित बिल साढ़े चार हजार करोड़ से अधिक हो गए हैं। वहीं दूसरी ओर पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड यानी पीएसपीसीएल की बिल संग्रह दक्षता में भारी गिरावट आई है। दरअसल, पीएसपीसीएल पहले ही ट्रांसमिशन घाटे में वृद्धि के संकट से जूझ रहा है। हालांकि, पंजाब स्टेट पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली के बिल के बकायादारों और कतिपय सरकारी विभागों से बकाया धनराशि वसूलने से राजस्व बढ़ाने के प्रयासों में कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन कुल मिलाकर स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जिसकी कीमत कालांतर राज्य की आर्थिकी को ही चुकानी होगी। निश्चित तौर पर पंजाब को मुफ्त की बिजली देने से उत्पन्न संकट से जल्दी राहत मिलने के आसार नजर नहीं आते। राज्य फिलहाल उधार हासिल करने की सीमा के करीब पहुंच गया है। जिसके चलते मुफ्त बिजली योजना चलती रह सकेगी, इसमें संदेह है। कमोबेश हिमाचल प्रदेश भी ऐसे ही संकट से दो चार है। राज्य की वित्तीय बदहाली इस बात की गवाह है। पुरानी पेंशन योजना की बहाली ने राज्य के वित्तीय दायित्वों को बढ़ा दिया है। जिसके चलते वेतन और पेंशन से जुड़ी प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिये मासिक रूप से दो हजार करोड़ की अतिरिक्त आवश्यकता होती है। जो वित्तीय दिक्कतों की अंतहीन श्रृंखला को जन्म दे रही है। राज्य 6200 करोड़ की अपनी ऋण सीमा समाप्त होने के बाद, अपने रोजमर्रा के खर्चों को प्रबंधित करने के लिये भविष्य की उधारी पर निर्भर होता जा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार चिंता जता रहे हैं कि राज्य की आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है क्योंकि अगले वित्तीय वर्ष में केंद्र का राजस्व घाटा अनुदान आधा होने की बात कही जा रही है।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ एकजुट आतंकी व कट्टरपंथी संगठन

**बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं।**

**रमेश शर्मा**

बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ आतंकवादी और कट्टरवादी संगठन एकजुट हो गये हैं। हिन्दुओं पर धर्मान्तरण का दबाब बनाया जा रहा है। चटगाँव में तो एक हिन्दु परिवार को अंतिम संस्कार करने से भी रोका गया। इन कट्टरपंथी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान का हाथ है। जबकि चीन ने कट्टरपंथ इस्लामिक प्रतिनिधियों को अपने यहाँ दावत पर बुलाया है। बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के साथ हिन्दुओं पर हमले आरंभ हो गये थे जो अब चार महीने बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहे। हिन्दुओं के धर्मस्थलों पर लगातार हो रहे हमलों में बांग्लादेश में सक्रिय आतंकवादी संगठन, इस्लामिक धर्मगुरु और मुस्लिम कट्टरपंथी एकजुट हैं। इन्हें कथित साम्यवादी शक्तियों का भी समर्थन है। बांग्लादेश में हिन्दुओं के विरुद्ध यह गठबंधन ठीक उसी प्रकार है जैसे अगस्त 1946 मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन के समय देखा गया था। हिन्दुओं पर हमलों का वह दौर भी लंबा चला था और बंगाल व पंजाब में हिंसा भारत विभाजन तक जारी रही थी। वैसी ही हिंसा अब दिख रही है। गाँव-बस्ती की बात नहीं बांग्लादेश की जेलों में बंद हिंदू भी सुरक्षित नहीं रहे। जेल के भीतर भी हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आ रहीं हैं। हसीना सरकार के कार्यकाल में बांग्लादेश की विभिन्न जेलों में लगभग 700 आतंकवादी बंद थे, जो रिहा कर दिये गये। लगता है हिन्दुओं पर हमलों की यह तैयारी बहुत पहले से कर ली गई थी। इसकी किसी को भनक तक न लगी। बंगलादेश में सत्ता परिवर्तन का अभियान छात्र आंदोलन के नाम पर आरंभ हुआ था जिसमें हिन्दू छात्र भी सम्मिलित थे। लेकिन जैसे ही शेख हसीना ने बांग्लादेश देश छोड़ कर भारत में शरण ली, उसी दिन से हिंदुओं पर हमले शुरू हो गये। सबसे पहले भीड़ ने उन हिन्दू छात्रों को निशाना बनाया था जो आंदोलन में शामिल थे। उसके बाद नगरों और गांवों में हिन्दुओं पर हमले शुरू हुये। इन चार महीनों में हमलों की कितनी घटनाएँ हुईं इसका सही आंकड़ा नहीं है, चूंकि अधिकांश स्थानों पर स्थानीय पुलिस हमलावरों से मिली होती है। मीडिया में ढाका से कुछ वीडियो तो ऐसे भी आये जिनमें पुलिस की ड्रेस पहने व्यक्ति भी लूटपाट करते और महिलाओं को घसीटते दिखाई दे रहे हैं। वहीं, चटगाँव के एक वीडियो में भीड़ ने हिन्दुओं को मृतक का अंतिम संस्कार करने से रोका और हिन्दू परिवार को अपने परिजन का अग्निदाह के बजाय उन्हें धरती में दफ्न करना पड़ा। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ऐसे अमानवीय और क्रूरतम हमलों की कहानी बयान करने वाले कई वीडियो सामने आये हैं। इनमें से कुछ तो भारत के राष्ट्रीय चैनलों ने दिखाये भी गए हैं। इससे भारत में विरोध के स्वर उभरे तो अब बांग्लादेश सरकार ने ऐसी वीडियो पर रोक लगा दी है। पिछले तीन-चार दिनों से ऐसे वीडियो भारत नहीं आ पा रहे लेकिन हिन्दुओं पर हमलों घटनाएँ निरंतर घट रही हैं।

बांग्लादेश में जिस प्रकार हिन्दुओं और उनके धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है, यह सामान्य नहीं है। यह सबकुछ आतंकी और कट्टरपंथी संगठनों की योजना से हो रहा है। हमलों से स्पष्ट है कि बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की सरकार नाममात्र की है। परदे के पीछे इसका संचालन कट्टरपंथी संगठन कर रहे हैं। इसकी झलक उसी दिन मिल गई थी जब सरकार संभालते ही मोहम्मद युनुस ने कुछ आतंकी संगठनों से प्रतिबंध हटाया था। इन सभी आतंकी संगठनों के सिर पर पाकिस्तान और चीन, दोनों का हाथ है इसीलिए युनूस सरकार आंखें मूंदकर बैठी है। इन कट्टरपंथी संगठनों में जमात-ए-इस्लामी, जमात-उल-मुजाहिदीन, मुस्लिम ब्रदरहुड और हिफाजत-ए-इस्लाम शामिल हैं। मीडिया की खबरों के अनुसार ढाका के इस्कान मंदिर पर हमले का आदेश हिफाजत-ए-इस्लाम ने दिया था। वहीं, जमात-ए-इस्लामी ने बांग्लादेश के हिन्दू मंदिरों को तोड़ने की खुली घोषणा कर रखी है। जमात-ए-इस्लामी के बारे में माना जाता है कि यह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के इशारे पर काम करता है और इसका नेटवर्क भारत में भी है। जबकि जमात-उल-मुजाहिदीन पूरे बांग्लादेश में फैला है। बताया जाता है कि इस संगठन में दस हजार लड़ाके और एक लाख से अधिक कट्टरपंथी जुड़े हैं। इससे जुड़े लोगों में आधुनिक उच्च शिक्षित युवाओं से लेकर धर्मगुरु तक शामिल हैं। इस संगठन ने एक ऐसी विंग बना रखी है जिसके सदस्य अलग-अलग राजनीतिक दलों और एनजीओ में जुड़े हैं। इस संगठन के बारे में यह भी कहा जाता है भारत की अर्थव्यवस्था कमजोर करने के लिये भारत में ड्रग्स और नकली नोटों का कारोबार भी करता है। इन सभी संगठनों के लोग खुलेआम सड़कों पर देखे जा रहे हैं और हिन्दुओं पर हमलों के लिये उकसा रहे हैं। जिस प्रकार भारत में वामपंथी संगठन सनातन पर हमला करने वालों को समर्थन देते हैं, उसी प्रकार बांग्लादेश में सक्रिय कथित वामपंथी संगठन और साम्यवादी चीन भी इन कट्टरपंथियों का खुल कर समर्थन कर रहा है। पिछले दिनों बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन ने ढाका में एक स्वागत समारोह का आयोजन किया इसमें बंगलादेश के सभी इस्लामिक संगठनों को आमंत्रित किया। इनमें अधिकांश वे थे, जिनके हिन्दुओं पर हमला करने के लिये उकसाने वाले वीडियो वायरल हो रहे हैं। इनमें एक प्रमुख नाम बांग्लादेश के जमात-ए-इस्लामी प्रमुख शफिकुर्रहमान का है। हिन्दुओं पर हो रहे हमलों को जमात-ए-इस्लामी जुड़े लोगों का हाथ भी माना जाता है। यह संगठन पाकिस्तान समर्थक है। शेख हसीना की सरकार ने इसपर बैन लगा दिया था। यूनुस सरकार ने पदभार संभालते ही जमात-ए-इस्लामी सहित मुस्लिम ब्रदरहुड जैसे उन सभी कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटा लिया जिनपर पिछली सरकार ने प्रतिबंध लगाया था। बांग्लादेश में चीनी राजदूत याओ वेन द्वारा ढाका में बुलाये गये सम्मान समारोह में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इसी बैठक में इन सभी संगठनों के प्रतिनिधियों को चीन यात्रा का निमंत्रण दिया गया। यह निमंत्रण चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से था। यह निमंत्रण पर बांग्लादेश से इस्लामिक संगठनों का चौदह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा पर रवाना हो गया। जो इसी सप्ताह लौटने वाला है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जमात-ए-इस्लामी के केंद्रीय नायब-ए-अमीर और पूर्व संसद सदस्य सैयद अब्दुल्ला मोहम्मद ताहिर कर रहे हैं। इनके अतिरिक्त इसमें खलीफा मूवमेंट, खलीफा काउंसिल, इस्लामिक ऑर्डर पार्टी के प्रमुख सदस्य भी शामिल हैं। बांग्लादेश में जमात-ए-इस्लामी तथा इस्लामिक संगठनों के प्रतिनिधियों को पहली बार चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने आमंत्रित किया है। इससे पहले पिछले बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी का चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल चीन यात्रा करके लौटा है। इस प्रतिनिधिमंडल को भी चीन की सत्ता रूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने ही आमंत्रित किया था ।

बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे ये हमले केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहने वाले। ये भारत के लिये नई चुनौती की दस्तक दे रहे हैं। जिन आतंकी संगठनों के इशारे पर बांग्लादेश में हिन्दुओं को निशाना बनाया जा रहा है उनमें से कुछ का गुप्त नेटवर्क भारत में भी है, दूसरा इन संगठनों को चीन का भी समर्थन है। बांग्लादेश के कथित छात्र आंदोलन की तरह भारत में शासन व्यवस्था को भीड़ तंत्र में बदलने के प्रयास होने लगे हैं। जिस प्रकार बांग्लादेश पाकिस्तान और चीन से हथियार एकत्र कर रहा है, वह भी साधारण नहीं है। इसे देखकर न केवल भारत सरकार अपितु भारत के प्रत्येक सामान्य जन को अतिरिक्त सतर्कता की आवश्यकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# वाहनों की पार्किंग की बड़ी समस्या से जूझते शहर

**पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत में वाहन पार्किंग की समस्या महत्त्वपूर्ण शहरी चुनौती है, जो न केवल यातायात के प्रवाह को प्रभावित करती है, बल्कि शहरी जीवन के मूल ढांचे को भी प्रभावित करती है। यह समस्या तेजी से बढ़ते शहरीकरण, बढ़ते वाहन स्वामित्व और पुराने शहरी नियोजन के घालमेल से पैदा होती है, जो महानगरीय क्षेत्रों में यातायात प्रबंधन के लिए जटिल दुविधा पैदा करती है। शहरों के विस्तार और वाहनों के स्वामित्व के अधिक सुलभ होने के साथ भारतीय शहरी केन्द्रों को वाहनों की बढ़ती संख्या को समायोजित करने में संघर्ष करना पड़ रहा है। पर्याप्त पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी और आज के समय में वाहनों की संख्या के हिसाब से शहरों को डिजाइन न किए जाने के कारण बड़े पैमाने पर अवैध पार्किंग होती है। इससे न केवल सड़कें जाम होती हैं बल्कि पैदल चलने वालों के लिए बनी जगह भी कम पड़ जाती है। कई भारतीय शहरों की स्थापना प्राचीन या औपनिवेशिक काल में हुई थी और उनकी योजना आधुनिक यातायात की मांग को ध्यान में रखकर नहीं बनाई गई थी। संकरी गलियाँ और मिश्रित भूमि उपयोग के कारण पार्क किए गए और चलते वाहनों के भार से दबाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त, पार्किंग नियमों का ढीला-ढाला क्रियान्वयन तथा गैर-अनुपालन के प्रति सांस्कृतिक प्रवृत्ति स्थिति को और बिगाड़ देती है, जिससे शहरी स्थान अव्यवस्थित हो जाते हैं। पार्किंग की समस्या का सीधा कई क्षेत्रों पर पड़ता है। बेशुमार गाड़ियों के जाम से यात्रा का समय बढ़ जाता है, प्रदूषण स्तर बढ़ता है तथा शहरी जीवन की गुणवत्ता में गिरावट आती है। पैदल चलने वालों को विशेष रूप से परेशानी होती है क्योंकि पार्क किए गए वाहन अक्सर पैदल चलने के रास्तों पर अतिक्रमण कर लेते हैं। उन्हें मजबूरन सड़कों पर आना पड़ता है और उनकी सुरक्षा से समझौता होता है। आर्थिक दृष्टि से पार्किंग की कमी स्थानीय व्यवसायों को भी प्रभावित करती है क्योंकि भीड़भाड़ वाली सड़कें ग्राहकों को आकर्षित नहीं करती। पार्किंग स्थल की उच्च मांग से अचल संपत्ति की लागत भी बढ़ जाती है, जिससे हरित स्थलों की कीमत पर पार्किंग अवसंरचना के विकास को बढ़ावा मिलने से शहरी विस्तार और पर्यावरण क्षरण को बढ़ावा मिलता है। भारत में मोटर वाहनों से सम्बंधित मामले केंद्र और राज्य दोनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। हालांकि भारत के शहरों के लिए वाहनों की बढ़ती भीड़ एक बड़ी समस्या है लेकिन ऑटोमोबाइल उद्योग पर प्रतिबंध लगने की कोई संभावना नहीं है, क्योंकि इसकी आर्थिक और रोजगार देने की क्षमता काफी ठीक है जो भारत के लिए महत्त्वपूर्ण है। सभी पांच शहरों की पार्किंग नीतियाँ कुछ महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर सहमत होती दिखती हैं। वे इस बात पर एकमत हैं कि पार्किंग मुफ़्त नहीं हो सकती और जहाँ भी सार्वजनिक स्थान का उपयोग किया जाता है, वहाँ शुल्क लिया जाना चाहिए क्योंकि 'मुफ़्त पार्किंग' की अवधारणा टिकाऊ नहीं है। पार्किंग समस्या के समाधान के लिए व्यापक रणनीति की आवश्यकता है जिसमें पर्याप्त पार्किंग अवसंरचना का विकास, स्मार्ट पार्किंग प्रौद्योगिकियों को अपनाना और पार्किंग विनियमों का प्रवर्तन शामिल हो। उदाहरण के लिए, पार्किंग क्षेत्रों को परिभाषित करना और वाहन पहचान सेंसर और स्वचालित लाइसेंस प्लेट पहचान जैसी तकनीक का उपयोग करके पार्किंग प्रबंधन को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। इसके अलावा, भूमि मूल्य और भीड़भाड़ के आधार पर पार्किंग शुल्क को समायोजित करके भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अनावश्यक वाहन उपयोग को हतोत्साहित किया जा सकता है। बुनियादी ढांचे के समाधान के अलावा, सार्वजनिक परिवहन और टिकाऊ शहरी गतिशीलता प्रथाओं को बढ़ावा देने से पार्किंग दबाव कम हो सकता है। सार्वजनिक परिवहन, साइकिल और पैदल चलने के उपयोग को प्रोत्साहित करने से निजी वाहनों पर निर्भरता कम हो सकती है, जिससे पार्किंग स्थलों की मांग कम हो सकती है। यह जरूरी नहीं है कि अच्छा सार्वजनिक परिवहन यातायात की भीड़ को काफी कम कर दे। भीड़भाड़ की स्थिति में सुधार करने के लिए, शहरों को निजी कारों के स्वामित्व और उपयोग के कार्यात्मक, मनोवैज्ञानिक और सांस्कृतिक मूल्यों को लक्षित करने वाली गतिविधियों के साथ ही अपनी सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों को बेहतर बनाने के प्रयासों को मिलाकर काम करना होगा। भारत में वाहन पार्किंग की समस्या जटिल मुद्दा है जिसके लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसमें शहरी नियोजन, नीति सुधार, तकनीकी नवाचार और सांस्कृतिक परिवर्तन शामिल हैं। इस चुनौती से सीधे निबटकर भारत अपनी शहरी गतिशीलता को बढ़ा सकता है, अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकता है और टिकाऊ शहरी विकास के लिए एक मिसाल कायम कर सकता है। आगे का रास्ता सरकार, निजी क्षेत्र और जनता के बीच बेहतर शहरी स्थानों की पुनर्कल्पना और पुनर्निर्माण के लिए सहयोगात्मक प्रयासों में निहित है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# महाकुंभ से कितना अलग है अर्धकुंभ

सनातन धर्म में महाकुंभ का मेला आस्था और संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। हर 12 सालों में चार पवित्र स्थानों पर महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। हिंदू पंचांग के मुताबिक हर साल पौष माह की पूर्णिमा तिथि को महाकुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। इसदिन से शाही स्नान की भी शुरूआत होती है। बता दें कि इस बार साल 2025 में महाकुंभ मेला लगने जा रहा है। जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं महाकुंभ मेला अर्धकुंभ, पूर्णकुंभ और सिंहस्थ कुंभ से कितना अलग है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको महाकुंभ मेला, अर्धकुंभ, पूर्णकुंभ और सिंहस्थ कुंभ के बारे में बताने जा रहे हैं।



**र्धकुंभ का महत्व**

अर्ध का आशय आधे से होता है। बता दें कि हरिद्वार और प्रयागराज में हर 6 सालों में कुंभ मेले के बीच अर्धकुंभ का आयोजन होता है। इसको छोटे स्तर का कुंभ का कहा जाता है।

**पूर्णकुंभ का महत्व**

वहीं पूर्णकुंभ हर 12 सालों में आयोजित होता है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार, देवताओं के 12 दिन मनुष्यों के 12 साल के बराबर होते हैं। इसी वजहसे 12 साल में पवित्र स्थल पर पूर्णकुंभ का आयोजन किया जाता है। हरिद्वार, प्रयागराज, नासिक और उज्जैन में पूर्णकुंभ आयोजित किया जाता है।

**सिंहस्थ कुंभ का महत्व**

सिंहस्थ कुंभ विशेष रूप से उज्जैन और नासिक में आयोजित किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक सिंहस्थ कुंभ का संबंध सिंह राशि से होता है। जब देवगुरु बृहस्पति सिंह राशि में और सूर्य मेष राशि में होते हैं। तब इन जगहों पर सिंहस्थ कुंभ का आयोजन होता है।

**महाकुंभ मेले का महत्व**

बता दें कि केवल प्रयागराज में हर 144 वर्षों के अंतराल में महाकुंभ आयोजित होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, कुल 12 में से 4 कुंभ का आयोजन धरती पर होता है और बाकी के 8 कुंभ का आयोजन देवलोक में किया जाता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक जब सूर्य, चंद्रमा और बृहस्पति ग्रह एक खास स्थिति में होते हैं। तब महाकुंभ का आयोजन किया जाता है। ऐसे में 144 वर्षों में एक बार महाकुंभ मेले का आयोजन प्रयागराज में होता है।

## सेहत

### वायु प्रदूषण से बढ़ रही है पल्मोनरी फाइब्रोसिस की बीमारी

आमतौर पर पल्मोनरी फाइब्रोसिस फेफड़ों से जुड़ी बीमारी है। जब यह समस्या होती है तो फेफड़ों के आसपास मौजूद टिश्यूज मोटे और सख्त हो जाते हैं। पल्मोनरी फाइब्रोसिस के कारण फेफड़ों के पास के टिश्यूज में दाग भी हो जाता है। वैसे तो पल्मोनरी फाइब्रोसिस के होने के कई कारण जिम्मेदार हो सकते है। इस बीमारी के कारण लंग्स पूरी तरह काम करना बंद कर सकते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक, वायु प्रदूषण के कारण ही पल्मोनरी फाइब्रोसिस बन सकता है। यह पल्मोनरी फाइब्रोसिस का एक ही हिस्सा है। इस समस्या के कारण न केवल फेफड़ों की क्षति होती है, इसके बाद भी यह बढ़ती है। इस बीमारी के कारण लंग्स शॉर्ट टर्म के लिए सुचारु ढंग से कम करना बंद कर सकता है और इसके प्रभाव लॉन्ग टर्म में भी देखने को मिलते है।

- आप कोल डस्ट और ग्रेन डस्ट आदि से दूर रहे है।
- यदि आपकी कीमोथेरपी चल रही है जो दवाई खाते हैं।
- कार्डियक एरिथमिया के दौरान उपयोग होने वाली दवाएं।
- कैंसर के दौरान होने वाली रेडिएशन थेरेपी।
- व्यक्ति को सांस लेने में मुश्किल होता है।
- जिस व्यक्ति को पल्मोनरी फाइब्रोसिस होता है उनको सूखी खांसी जरुर दे।
- पल्मोनरी फाइब्रोसिस बीमारी के कारण से अचानक से वजन कम होता है।
- जिन लोगों को पल्मोनरी फाइब्रोसिस होती है, उन्हें थकान महसूस होता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### दो पक्षों में किसी बात को लेकर हुई मारपीट

**साहिबगंज:** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड में बुधवार की रात दो पक्षों में किसी बात को लेकर जमकर मारपीट हो गई ।जहां इस मामले में दो लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। मारपीट के बाद सभी फरार हो गए।उधर मारपीट मामले की जानकारी मिलने के तुरंत बाद नगर थाना कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे मामले कि छानबीन में जुट गई।

### नाबालिग लड़की ने लगाई फांसी, सदर अस्पताल में चल रहा इलाज

**साहिबगंज :** राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के नीमगाछी गांव की रहने वाली एक नाबालिग लड़की ने बुधवार को आपसी पारिवारिक विवाद में गुस्से में आकर अपने घर के अंदर फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया। जहां मामले की जानकारी मिलने के तुरंत बाद नाबालिग लड़की को परिजनों ने बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लेकर आए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. तबरेज आलम ने इलाज शुरू किया। उधर मामले को लेकर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान नाबालिग लड़की के परिजनों ने बताया कि मोबाइल फोन चलाने को लेकर आपस में ही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ लड़ाई झगड़ा हो गया था जिसमें गुस्से में आकर उसने इस प्रकार का कदम उठा लिया। फिलहाल नाबालिग लड़की का सदर अस्पताल में चिकित्सकों की देखरेख में इलाज जारी है जहां वो खतरे से बाहर बताई जा रही है। वही मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### रेलयात्री का मोबाइल फोन चुराने वाले रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज:** रेल पुलिस साहिबगंज ने ट्रेन में रेलयात्री का मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी युवक रेजाउल शेख पिता इसराइल शेख को पाकुड़ जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मणिरामपुर से गिरफ्तार करने के बाद बुधवार को मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर आई जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. तबरेज आलम ने आरोपी युवक का मेडिकल जांच किया। उधर मेडिकल जांच के बाद आरोपी युवक को कोर्ट में प्रस्तुत करने के बाद रेल पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### संगठन हमेशा राष्ट्र की बेहतरी एवं उन्नति के हित में कार्य करता है :विनोद



**साहिबगंज :** तालझारी प्रखंड के बड़ी भगियामारी सकरीगली निवासी रणधीर प्रसाद चौरसिया को राष्ट्रीय सूचना अधिकार आजाद मिशन एसोसिएशन एवम अटैक ऑन करप्शन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया का झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष बनाया।जिसकी जानकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने पत्र जारी कर कहा।राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने कहा कि संगठन हमेशा राष्ट्र की बेहतरी एवम उन्नति के हित में कार्य करता हैं। और समस्या ग्रस्त व्यक्तियों की आवाज उठाता हैं।संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम अन्य पदाधिकारियों के निर्देश एवम संगठन की नीतियों,कार्यक्रमों एवम जरूरतमंदों की आवाज को जन-जन तक पहुँचाने, संगठन विस्तार एवम प्रचार-प्रसार हेतु युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है।उन्होंने रणधीर प्रसाद चौरसिया को सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को गतिशील बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया।

### वार्ड नंबर तीन के हरिजनपाड़ा में पानी की समस्या

साहिबगंज/बरहरवाःनगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 के हरिजनपाड़ा में पानी की समस्या को लेकर वार्ड वासियों ने कांग्रेस प्रखंड महासचिव निताय सरकार से समस्या के समाधान हेतु गुहार लगाई।इस पर प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने हरिजन पाड़ा जाकर स्थान का जायजा लिया और पाया की वार्ड के लोग पानी की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। निरीक्षण उपरांत प्रखंड महासचिव निताय सरकार ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर हस्ताक्षर अभियान के तहत आवेदन बनाकर बरहरवा नगर के कार्यपालक पदाधिकारी को सौप कर जूझ रहे समस्याओं से अवगत कराया और जल्द से जल्द समस्या से निदान करवाने की बात कही।मौके पर मानिक रविदास,अर्जुन रविदास,सुरेश रविदास,सोनिया कुमारी,शिल्पी कुमारी,गोपाल रविदास सहित दर्जनों वार्डवासी उपस्थित थे।

### व्यावसायिक संघ राजमहल विधायक का किया अभिनंदन

**साहिबगंज/राजमहल :** राजमहल गांधी चौक में बुधवार की शाम 4:00 बजे व्यावसायिक संघ राजमहल के माध्यम से राजमहल के नवनिर्वाचित विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा का अभिनंदन किया गया।जिसमें शहर के सभी व्यवसायी एवं स्थानीय लोग मुख्य रूप से शामिल हुए.व्यवसाइयों ने विधायक से मांग किया की स्थाई मार्केट का निर्माण करते हुए रोजगार सृजन की जाए. विधायक ने आश्वासन दिया कि सकारात्मक सोच के साथ कार्य किया जाएगा।व्यवसाइयो को स्थाई मार्केट भी जल्द मिलेगा. मौके पर पपना कुमार,रंजन कुमार,सलीम शेख,मो शहनवाज,आशुतोष कुमार, अमरेंद्र साहा,स्मित चौरसिया, जय कुमार यादव,ज्योति साहा, गणेश साहा सहित अन्य मौजूद थे।

### गंगा कटाव क्षेत्रों का गंगा पंप नहर के अधिकारियों ने लिया जायजा

**साहिबगंज/उधवा :** गंगा पंप नहर दुमका प्रमंडल की एक टीम ने बुधवार को उधवा प्रखंड क्षेत्र के गंगा कटाव क्षेत्रों का जायजा लिया। इस टीम में गंगा पंप नहर के अधिकारी और तकनीकी विशेषज्ञ शामिल थे। जानकारी के अनुसार स्थानीय मुखिया अताउर रहमान,पंचायत समिति सदस्य मताहर शेख, कलीमुद्दीन शेख, मुखिया प्रतिनिधि ताजीरूल हक, उप मुखिया रोबीउल हक आदि ने नाव के सहारे टीम को कटाव क्षेत्रों का भ्रमण कराया।

जहां टीम ने गंगा नदी के किनारे का निरीक्षण किया और कटाव की स्थिति का मूल्यांकन किया। उन्होंने पाया कि गंगा नदी के किनारे का कटाव एक बड़ी समस्या है, जो स्थानीय लोगों के लिए खतरा पैदा कर रही है। टीम ने कटाव के कारणों का विश्लेषण किया और इसके लिए समाधान की तलाश की। उन्होंने पाया कि कटाव के मुख्य कारणों में गंगा में प्रवाह पथ में सबसे बड़ी समस्या है। टीम ने बताया कि जल्द ही प्रभावित इलाकों के लिए गंगा कटाव की रोकथाम के लिए डीपीआर तैयार किया जाएगा।

# केंद्र सरकार ने 16 वैश्य जातियों को ओबीसी की सूची में किया शामिल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** भारतीय वैश्य महासभा, जिला साहिबगंज के तत्वावधान में एल. सी. रोड स्थित जिला कार्यालय में जिला समिति की बैठक सह प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार साह ने किया।इस अवसर पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि आज बड़े ही हर्ष की बात है कि केंद्र सरकार के द्वारा 16 वैश्य जातियों को केंद्र सरकार की ओबीसी की सूची में शामिल कर लिया गया है. ध्यातव्य हो कि झारखंड सरकार ने 16 वैश्य जातियां यथा जायसवाल, कमलापुरी वैश्य, जासवार, मोदी, मैयरा, पटवा, माहुरी वैश्य, अवध बनिया, बंगी वैश्य, बंगाली बनिया, वर्णवाल, अग्रहरी वैश्य, पोद्दार, कसोधन, गंधवणिक एवं ऊमर वैश्य बनिया जाति को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्तावित किया था. झारखंड राज्य सरकार के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने अपनी मोहर लगा दी, अब इन सोलह वैश्य जातियों को केंद्र सरकार की नियुक्तियों में ओबीसी का आरक्षण का लाभ प्राप्त हो सकेगा. इस खुशी के अवसर पर वैश्य समाज के उपस्थित सभी सदस्यों ने झारखंड सरकार के साथ-साथ केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया.




आज की बैठक सा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला उपाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार साह, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अनुराग राहुल, जिला महासचिव रविंद्र प्रसाद साह, जिला सचिव संजीव कुमार गुप्ता, श्रवण कुमार मोदी, संतोष कुमार मोदी, अभिषेक कुमार, संजीत कुमार साह, दीपक कुमार गुप्ता सहित वैश्य समाज के कई सदस्यगण उपस्थित थे।

### सिर पर हाइवा चढ़ा, हुई दर्दनाक मौत

**साहिबगंज :** बोरीयो थाना क्षेत्र के बोरीयो जियो पेट्रोल के समीप हाइवा कि टक्कर से बाइक सवार राजमहल बेगमगंज के रहने वाले सुलेमान शेख 52 वर्ष की मौत हो गई। वहीं बेटे अली हुसैन घायल हो गया। घायल पुत्र अली हुसैन ने बताया साहिबगंज दीप हॉस्पिटल में आंख दिखाने के लिए बाइक से पिता और मैं आए थे। जांच करने के बाद बांझी के रास्ते अपने घर राजमहल दोनों जा रहे थे। बोरिया जिओ पेट्रोल पंप के पास पीछे से एक हाइवा जेएच 16जी 8628 ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे बाइक का संतुलन बिगड़ गया और दोनों गिर गए इसी दौरान मेरे पिता के सिर पर हाइवा चढ़ गया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और किसी तरह मेरी जान बची मुझे भी हल्की-फुल्की छोटे लगी है।घटना की जानकारी बोरियो थाना प्रभारी पंकज वर्मा को मिलते ही अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिए।

## तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध व्यक्ति की दर्दनाक मौत



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/उधवा :** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र के जियो पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार हाइवा के चपेट में आने से बाइक सवार वृद्ध व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज मुंशीटोला निवासी सुलेमान शेख 64 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने पुत्र के साथ साहिबगंज से बोरियों के रास्ते उधवा जा रहा था, इसी क्रम में जियो पेट्रोल पंप के समीप हाइवा संख्या जेएच16जी8628 के द्वारा पीछे से धक्का मार दिया। जिसके कारण बाइक अनियंत्रित हो जाने से सुलेमान शेख सड़क पर गिर पड़ा तथा हाइवा के अगले चक्का के नीचे आ गया, जिससे मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस घटना में मृतक के पुत्र अली हुसैन घायल हो गया है। वह फिलहाल खतरे से बाहर बताया जा रहा है। बताया जाता है कि मृतक को इलाज कराने के लिए उनके पुत्र अली हुसैन साहेबगंज ले गया था। डाक्टर को दिखाकर अपने घर वापस लौट रहा था।इसी बीच जियो पेट्रोल पंप के पास दुघर्टना का शिकार हो गया। इधर घटना की सूचना मिलते होते ही थाना प्रभारी पंकज वर्मा, एसआई सिद्धार्थ नाथ टोप्पो घटना स्थल पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए साहेबगंज भेज दिया। पुलिस ने हाइवा को जब्त कर जांच पड़ताल में जुट गई है।उधर दुर्घटना की सूचना मिलने पर परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है।

## झामुमो प्रखण्ड कमेटी बोरियो में कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बोरियो :** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बोरियो प्रखण्ड के धोगोड़ा डालाबाड़ी में झामुमो प्रखण्ड कमेटी बोरियो के द्वारा आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में बोरियो विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन शामिल हुए।वही धनंजय सोरेन ने कहा कि यह कार्यकताओं की जीत है। कार्यकताओं से समन्वय बनाकर के बोरियो विधानसभा सहित बोरियो प्रखंड को विकास की नई धारा से जोड़ने का काम करेंगे।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य स्टीफन मुर्मू,प्रमुख शांति बस्की,प्रखंड अध्यक्ष जेठा मरांडी,प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य मंडल मरांडी,प्रखंड सचिव गफ्फार अंसारी,उपाध्यक्ष रिजवान



अंसारी बाबूलाल हेंब्रम,अर्जुन रजक,लक्ष्मण बेसरा,प्रखंड कोषाध्यक्ष शकील अहमद, संगठन सचिव मो एजाज अंसारी संयुक्त सचिव सुरेश, गोलमा, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मौलवी इम्तियाज अंसारी अल अमीन अंसारी युवा सचिव मोहम्मद मुमताज अंसारी,प्रखंड सोशल मीडिया सदस्य हेमलाल हेंब्रम,वरन किस्कु, शमशेर अंसारी, बशारत अंसारी,विजय यादव आलोक सेन,मरांग मरांडी, आलम अंसारी मंजूर अली नजीर अंसारी किताबुद्दीन अंसारी दिनेश मरांडी समेत अन्य मौजूद थे।

### युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से किया घायल

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के छोटी कोदरजन्ना में एक शादी घर में आए लड़की पक्ष भाई सहित अन्य लोगों को कोदरजन्ना के कुछ युवकों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में ही सभी अपनी शिकायत को लेकर मुफस्सिल थाना पहुंचे जहां मुफस्सिल पुलिस ने सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायल गोड्डा जिला के मेहरमा थाना के सुखारी गांव निवासी मो. आदिल मो. उमर राजा सहित अन्य लोगों ने बताया कि कोदरजन्ना निवासी गल्फराज का शादी मेरी बहन के होने वाली है आज बारात के लिए निकलना था उसी के रसम अदा करने के लिए हम लोग लड़का गल्फराज के घर जाकर बारात के लिए कपड़ा देने जा रहे थे ।इसी दौरान कोदरजन्ना मोड़ के पास कुछ स्थानीय युवकों ने घेर कर हम लोगों के साथ मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह अपनी जान बचाकर वहां से भागने में सफल हुआ। बताया कि हम लोगों के पास से लगभग एक लाख से अधिक नगद रुपया था और सोने का चैन भी था सभी वह लोग छीनकर भाग गए।

## गायत्री परिवार ने की गंगा घाटों की सफाई



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/राजमहल :** शहर के गुदारा घाट स्थित गंगा घाट में गुरुवार को स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा बृहत सफाई अभियान चलाया जिसमें गंगा के किनारे किनारे से काफी मात्रा में कचरा निकाल कर इकठ्ठा किया और प्रखंड समन्वयक सुबोल कुमार साहा ने बताया कि पिछले दो दिनों से पूज्य गुरुदेव द्वारा स्थापित देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के तीन भाइयों की एक टोली द्वारा राजमहल पहुंचकर अलग अलग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। जे के हाई स्कूल व प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय में पहुंच कर बच्चों के बीच प्रेरक उद्बोधन प्रस्तुत व उच्च विद्यालय मंगलहट एवं सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को बुद्धि वर्धक व्याख्यान देकर बच्चों को प्रेरित किया गया। वहीं देर शाम नया बाजार स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में 51 वेदिय दीप महायज्ञ संपन्न किया गया। टोली में सद्ज्ञान सिंह तरुण कुमार और शिवम कुमार शामिल हैं। गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज से पहुंचे वरीय सदस्य सत्यदेव सिंह ने बताया कि यह टोली अगले बीस दिनों तक इस जिला के विभिन्न क्षेत्रों में मां गायत्री का अलख जगाएंगे। कार्यक्रम की सफलता के लिए सुबोध कुमार शाह भोला पंडित सुबोध शाह आशा देवी अनीता देवी पूनम मेहता शिशिर सिंह मंजू सिंह बीना देवी वंदना देवी जयंती राय शंकर राय प्रवीण अग्रवाल श्री राम उषा देवी आदि ने सहयोगी उपस्थित थे।

## भटकी हुई बालिका को न्यूज ग्रुप की सहायता से मिला परिवार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** रेलवे स्टेशन साहिबगंज में एक पंचवर्षीय बालिका जीआरपी को प्राप्त हुई थी जो बालिका कुछ बात नहीं पा रही थी।उसे रेलवे चाइल्ड लाइन के माध्यम से बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया था। बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉक्टर सुरेंद्रनाथ तिवारी ने उस बालिका से संबंधित विवरण सोशल मीडिया और न्यूज ग्रुप में जारी किया।इसके उपरांत तुरंत मंगलहट क्षेत्र से कई अखबारों के प्रतिनिधियों ने तुरंत सूचना दी कि यह बालिका उनके क्षेत्र की है।इसके उपरांत सभी के सहयोग से बालिका का परिवार साहिबगंज चाइल्ड लाइन कार्यालय पहुंचकर बाल कल्याण समिति के आदेश से अपने बालिका को प्राप्त किया। चाइल्डलाइन जिला समन्वयक मोहम्मद इकबाल ने संपूर्ण परिवार की काउंसलिंग की।बालिका और बालिका का परिवार अत्यंत गरीब है।परिवार और बच्चों के आंखों में खुशियों के आंसू थे।बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि इनको झारखंड सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ जिसे यह परिवार प्राप्त करने का अहर्ता पूर्ण करता है उसे दिलाया जाएगा।उन्होंने अखबार के तमाम प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया की सजकता के कारण एक बालिका को उसका परिवार मिल गया।



## लूटपाट की घटना से आसपास के लोगों और व्यवसायियों में दहशत का माहौल

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखण्ड के मिजाचौकी भगैया मुख्य सड़क के किनारे सीमावर्ती क्षेत्र इसीपुर बाराहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत छोटी मेहंदी पोखर समीप सतीश मार्बल टाइल्स शोरूम के मलिक के आवास पर हथियारबंद अपराधियों ने शोरूम मालिक सतीश जयसवाल शोरूम में धावा बोला जानकारी अनुसार सबसे पहले अपराधियों पीछे के बाउंड्री कुदकर प्रवेश किया कुछ वस्तु के सहारे अपराधियों ने छत पर चढ़कर गेट दरवाजा लोक तोड़कर नीचे उतर गया एक दर्जन के संख्या करीब थी सभी के चेहरा गमछा रूमाल से ढका हुआ था। हथियार से लैश होकर लूटपाट की घटना को अंजाम देने की मानसा से बाउंड्री फानकर मार्बल शोरूम परिसर में प्रवेश कर गए।ऑफिस के सामने स्थित गेट का ताला तोड़ दिया और



सभी अपराधी सीढ़ी के सहारे छत पर चढ़ गए. जिसके बाद अपराधियों ने सब्ल से शोरूम के दरवाजा को तोड़ना शुरू कर दिया।जिसकी आवाज से शोरूम के मालिक आंखें खुल गईं । जाग गए और अपने भाई रिश्तेदार कर्मियों को और आसपास के लोगों को फोन करना शुरू कर दिया। नकाबपोश अपराधियों ने जाते-जाते मार्बल मालिक और कर्मियों के सक्रियता के कारण बड़ी घटना होते होते टलीं गई। टाइल्स मार्बल के मालिक सतीश जयसवाल और उनके कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों की सक्रियता के कारण अपराधियों द्वारा बनाएं गए लूट प्लान की वारदात टल गई।वहीं, अपराधियों ने लगभग एक घंटे तक शोरूम के अंदर तांडव मचाया और अंत में लोगों की बढ़ती संख्या और नाकाम कोशिश की वजह से वो सभी फॉर्च्यूनर और कार की चाबी जुता लेकर भाग नीकले।

विभिन्न व्यवसायियों में दहशत का माहौल

अपराधियों की सभी घटना की सभी गतिविधि वहां लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। बीते लूटपाट की घटना से आसपास के लोगों और व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

## ममता बनर्जी ने किया कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का उद्घाटन, सितारों का जमावड़ा




**कोलकाता :** कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (केआईएफएफ) के 30वें संस्करण का बुधवार को धूमधाम से उद्घाटन हुआ। धनधान्य ऑडिटोरियम में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मशहूर हस्तियों की मौजूदगी में महोत्सव का शुभारंभ किया। उनके साथ मंच पर अभिनेता-नेता शत्रुघ्न सिन्हा, पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली और सांसद-अभिनेता देव समेत कई दिग्गज उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में ममता बनर्जी ने दीप प्रज्वलन कर महोत्सव की शुरूआत की। इस अवसर पर ममता ने शत्रुघ्न सिन्हा और सौरव गांगुली को सम्मानित किया। वहीं, रचना बनर्जी, सब्यसाची चक्रवर्ती, चिरंजीत चक्रवर्ती और रंजीत मल्लिक समेत कई कलाकारों को भी सम्मानित किया गया। मंच पर ह्यटेक्काह्न फिल्म की यादें साझा करते हुए देव ने निर्देशक सृजित मुखर्जी को सम्मानित किया। सीएम ममता की कविता पर आधारित डोना गांगुली का नृत्य प्रदर्शन हुआ। इस दौरान नचिकेता चक्रवर्ती ने मुख्यमंत्री के शब्दों को संगीतबद्ध कर प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह का संचालन अभिनेता जीशु सेनगुप्ता और अभिनेत्री जून मालिया ने किया। महोत्सव में इस साल फोकस कंट्री फ्रांस को बनाया गया है। इसके अलावा महान निर्देशक तपन सिन्हा की फिल्म ह्यगल्प होलेओ सत्यह्न को उद्घाटन फिल्म के तौर पर दिखाया गया। इस महोत्सव के दौरान तपन सिन्हा की जन्मशती भी मनाई जा रही है। साथ ही, मनोज मित्र, उत्पलेंदु चक्रवर्ती और गौतम हलदर जैसे दिग्गजों को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान ममता बनर्जी अपने हल्के-फुल्के अंदाज में नजर आईं। उन्होंने देव समेत कई कलाकारों से बातचीत की और दर्शक दीर्घा में बैठकर गुनगुनाते हुए माहौल को जीवंत किया। कोलकाता अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव न केवल भारतीय सिनेमा बल्कि विश्व सिनेमा के प्रति बंगाल के लोगों के प्रेम को दशार्ता है। यह महोत्सव 10 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें विभिन्न देशों की फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

# प्रियंका चोपड़ा 2025 में बॉलीवुड में वापसी को तैयार



बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा भले ही सात समंदर पार चली गई हों, लेकिन वह हमेशा अपने देश से जुड़ी रहती हैं। प्रियंका पिछले कई दिनों से हॉलीवुड फिल्में और सीरीज कर रही हैं, लेकिन अब प्रियंका का बॉलीवुड में कमबैक को लेकर एक अपडेट आया है। काफी समय से प्रियंका की वापसी की खबरें आ रही थीं, लेकिन अब प्रियंका ने बॉलीवुड में वापसी की पुष्टि कर दी है। पिछले कई दिनों से प्रियंका चोपड़ा किसी भी बॉलीवुड फिल्म में नजर नहीं आई हैं। आखिरी बार वह फिल्म 'द स्काई इज पिंक' में नजर आई थीं। यह फिल्म 2019 में रिलीज हुई थी। इसके बाद से प्रियंका हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स में बिजी हैं। प्रियंका चोपड़ा मीडिया से बात करते हुए उन्होंने इशारा किया कि वह 2025 में बॉलीवुड में वापसी करेंगी। उन्होंने कहा, ₹मैं मजाक नहीं कर रही हूं, मैं यहां कई फिल्म निमार्ताओं से मिली, स्क्रिप्ट पढ़ी। मैं हिंदी में कुछ करना चाहती हूं, मैं इसकी तलाश में हूं। यह साल मेरे लिए काफी व्यस्त रहा है।₹ इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके पास फैंस के लिए कुछ खास है। प्रियंका चोपड़ा फरहान अख्तर की फिल्म 'जी ले जरा' से कमबैक करने वाली थीं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में थीं। लेकिन, इस फिल्म में देरी हो रही है। जब प्रियंका से 'जी ले जरा' के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'आपको इस बारे में एक्सेल (फरहान अख्तर का प्रोडक्शन हाउस) से बात करनी होगी।' इस बीच, प्रियंका जल्द ही 'हेड्स ऑफ स्टेट' और 'द ब्लफ' में नजर आएंगी। वह वेब सीरीज 'सिटाडेल 2' में भी नजर आएंगी। वह पिछले कई दिनों से इसकी शूटिंग कर रही हैं और इसे लेकर पोस्ट भी शेयर कर रही हैं। अब फैंस को इंतजार है कि वह अपनी अगली बॉलीवुड फिल्म की घोषणा कब करेंगी।



## नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की हुई शादी

नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला का विवाह समारोह हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में आयोजित किया गया है। स्टूडियो का स्वामित्व अक्किनेनी परिवार के पास है। चैतन्य और शोभिता की शादी में तेलुगु इंडस्ट्री के कई बड़े नाम शामिल हुए हैं। इस शादी समारोह में चिरंजीवी, पवन कल्याण, अल्लू अर्जुन, राणा दग्गुबाती, राम चरण और उनकी पत्नी उपासना, महेश बाबू और उनकी पत्नी अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर सभी मौजूद हैं। मनोरंजन जगत में अफवाहें फैली हुई थीं कि सामंथा रुथ प्रभु से तलाक के बाद नागा चैतन्य शोभिता को डेट कर रहे हैं। आखिरकार, 8 अगस्त, 2024 को नागार्जुन ने खुशखबरी शेयर की कि दोनों ने सगाई कर ली है। इसके बाद नागा चैतन्य और शोभिता की प्री-वेडिंग सेरेमनी शुरू हुईं। आखिरकार आज 4 दिसंबर देर शाम ये जोड़ा शादी के बंधन में बंध गया है। नागा चैतन्य और शोभिता की शादी पारंपरिक तरीके से की गई। एक्ट्रेस ने शादी में खास पारंपरिक कांजीवरम सिल्क साड़ी पहनी थी। जहां शोभिता ने एक खूबसूरत साड़ी के ऊपर गहनों से सजी तेलुगु साड़ी पहनी थी, वहीं चैतन्य ने अपने दादा अक्किनेनी नागेश्वर राव की सदाबहार शैली की याद दिलाते हुए 'पंच' नामक पारंपरिक पोशाक पहनी थी। शोभिता धूलिपाला और नागा चैतन्य पिछले दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। लेकिन, उन्होंने कभी भी अपने रिश्ते को खुलकर स्वीकार नहीं किया। अगस्त में नागा चैतन्य ने सगाई की तस्वीरें शेयर कर अपने फैन्स को सुखद झटका दिया था। इस जोड़े ने हैदराबाद में चैतन्य के आवास पर गुपचुप तरीके से शादी कर ली। इस बीच, नागा चैतन्य ने पहले सुपरस्टार अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु से शादी की थी। इन दोनों ने 2017 में शादी कर ली। इसके बाद सामंथा और चैतन्य ने 2021 में अलग होने का फैसला किया। तलाक के 3 साल बाद नागा चैतन्य ने अब नई जिंदगी की शुरूआत की है। फिलहाल इस जोड़ी को पूरे कला जगत से शुभकामनाएं मिल रही हैं।



# ममता कुलकर्णी 25 साल बाद भारत लौटीं

बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का 90 के दशक में एक अलग ही क्रेज था। उन्होंने फिल्म 'तिरंगा' से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की। ममता ने अपनी एक्टिंग के साथ-साथ अपनी खूबसूरती से भी फैन्स को मंत्रमुग्ध कर दिया था। बॉलीवुड में अपने करियर की तरह ही ममता की निजी जिंदगी भी काफी सुर्खियों में रही है। उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन के साथ जोड़ा गया था। 2002 में ममता ने ड्रग माफिया विक्की गोस्वामी से शादी कर ली। शादी के बाद ममता अपने पति के साथ बॉलीवुड से दूर चली गईं। इस दौरान सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का एक वायरल वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल ही में ममता कुलकर्णी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया। इसमें एक्ट्रेस कहती हैं, ₹हैलो, मैं ममता कुलकर्णी और 25 साल बाद मैं अपने वतन भारत, मुंबई आई हूं। इसने मेरे अतीत की यादें ताजा कर दी हैं। मैंने 2000 में भारत छोड़ दिया और विदेश में बस गई। अब मुंबई आने के बाद मैं इतना भावुक हो गई कि अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त नहीं कर सकती। अभिनेत्री ने आगे कहा, ₹विमान के उतरने के बाद मैंने अपने चारों ओर देखा। 25 साल बाद देश के परिवर्तन को देखकर मैं अभिभूत हो गई। मैं अपने देश की प्रगति देखकर बहुत खुश हूं। मुंबई हवाई अड्डे के बाहर का दृश्य देखकर मन प्रसन्न हो गया। मेरी आंखों में आंसू आ गए। 'तिरंगा' के बाद ममता ने 'आशिक', 'आवारा', 'क्रांतिवीर', 'वक्त हमारा है', 'सबसे बड़ा खिलाड़ी' और 'करण अर्जुन' जैसी हिट फिल्में दीं। ममता कुलकर्णी को उस समय बॉलीवुड की रिजेक्शन क्वीन कहा जाता था, क्योंकि उन्होंने कई फिल्मों में काम करने से इनकार कर दिया था। मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में ममता और उनके पति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सफलता के शिखर पर उनके करियर में अचानक गिरावट आ गई। इसके बाद वह बॉलीवुड से गायब हो गईं।

## दिव्यांग प्रीमियर लीग : विटू यादव ने की धुआंधार बल्लेबाजी, गोरखपुर को हराकर लखनऊ ने जीता खिताब

एजेंसी



**लखनऊ :** दिव्यांग फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कृष्णा साईं यूपी 100 बॉल दिव्यांग प्रीमियर लीग के फाइनल मैच में लखनऊ हिरोज ने गोरखपुर टाइगर्स को छह विकेट से हराकर प्रतियोगिता क खिताब जीत लिया। इस मैच में लखनऊ के विटू यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 20 गेंदों पर 62 रन बनाये।लखनऊ हीरोज के कप्तान नफीस सिद्दीकी ने टॉस जीता और पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। नफीस का यह फैसला टीम के फेवर में नहीं रहा गोरखपुर फाइटर ने शुरू से ही आक्रामक रुख अपनाया। निर्धारित ओवरों की समाप्ति पर चार विकेट खोकर 165 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें रमेश पाल ने 31 गेंद खेलकर 44 रन विष्णु राजपूत 22 गेंद में शानदार 32 रन, निखिल शुक्ला ने 31 तथा कप्तान जेपी सिंह के 21 रनों का योगदान रहा। लखनऊ हीरोज की ओर से अक्षांश चौधरी और तनवीर अहमद ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम की शुरूआत बहुत ज्यादा अच्छी नहीं रही। गोरखपुर टाइगर्स ने शुरू से ही लखनऊ पर दबाव बनाया और प्रारंभिक बल्लेबाजों को चलता किया लेकिन मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने आए विंटू यादव ने साथ जबरदस्त चौकों की मदद से मात्र 20 गेंद में 62 रन की पारी खेलकर लखनऊ हीरोज को जीत की, दहलीज पर लाकर रख दिया। इसके अलावा तनवीर अहमद ने धैर्य पूर्वक खेलते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाई और 31 गेम खेल कर 39 रन नॉट आउट बनाए। इसके अलावा महताब अली ने 22 गेंद पर 31 रन खेलकर लखनऊ को जीत दिला दी। गोरखपुर टाइगर्स की ओर से रमेश पाल ने दो, जेपी सिंह और निखिल शुक्ला को एक-एक विकेट मिला, मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ हीरोज की जीत के नायक विंटू यादव को दिया गया।

# विवेक ओबेरॉय ने बॉलीवुड में संघर्ष से लेकर सफल बिजनेसमैन तक के सफर का किया खुलासा

विवेक ओबेरॉय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपने 'चॉकलेट बॉय' दिनों से लेकर बॉलीवुड में संघर्ष करने और एक सफल बिजनेसमैन बनने तक के अपने पूरे सफर का खुलासा किया है। उन्होंने कहाकिमैंने अपने करियर के पिछले 22 वर्षों में लगभग 67 प्रोजेक्ट्स में काम किया है, लेकिन आप इस इंडस्ट्री के बारे में किसी तरह की गारंटी नहीं दे सकते। विवेक ओबेरॉय ने 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'कंपनी' से मनोरंजन जगत में कदम रखा। इसके बाद आई फिल्म 'साथिया' में विवेक को रोमांटिक हीरो का किरदार देखने को मिला लेकिन कड़ी मेहनत के बावजूद विवेक को कई सालों तक फिल्म इंडस्ट्री से दूर रहना पड़ा। इसके बाद एक्टर ने मनोरंजन जगत से पूरी तरह ब्रेक ले लिया और एक नई फील्ड में अपनी किस्मत आजमाई। विवेक ओबेरॉय अपने बेहतरीन अभिनय के कारण आज एक प्रमुख बिजनेसमैन के रूप में जाने जाते हैं। विवेक ओबेरॉय ने कहा कि आप बहुत अच्छा काम करते हैं, आप पुरस्कार जीतते हैं, आप अपना काम सच्चे दिल से करते हैं, आप एक अभिनेता के रूप में सब कुछ करते हैं, लेकिन इसके बावजूद आपको कुछ अलग-अलग कारणों से काम नहीं दिया जाता है। 2007 में मैंने फिल्म 'शूटआउट एट लोखंडवाला' में काम किया और गाना 'गणपत...' वायरल हो गया। मुझे पुरस्कार भी मिले। मैंने सोचा था कि उसके बाद मुझे बहुत काम मिलेगा, लेकिन मुझे निराशा हुई कि मुझे कोई काम नहीं मिला। फिल्म की सफलता के बावजूद मैं 14 से 15 महीने तक घर पर ही बैठा रहा। 2009 में मैंने मन बना लिया कि हम इस इंडस्ट्री पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकते, हमें कोई वैकल्पिक रास्ता सोचना ही होगा। मैंने आर्थिक जरूरतों के लिए खुद कुछ करने का सोचा।' मैं ऐसी स्थिति में नहीं आना चाहता था, जहां एक लॉबी गुटबाजी आपका करियर तय करे। मैं अपना खुद का कुछ चाहता था, सिवाय इसके कि कुछ लोग आपको धमका रहे थे, आपको कुछ चीजें करने के लिए नियंत्रित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिनेमा मेरा जुनून है, लेकिन बिजनेस करना हमेशा से मेरा प्लान 'बी' था। मैं बचपन से ही बिजनेस, वित्तीय निवेश के बारे में बहुत कुछ जानता था। इसलिए मैंने बिजनेस का रास्ता चुना और इस गुटबाजी से दूर चला गया। यदि आप आज अच्छे निर्णय लेते हैं, तो कल आपका जीवन आसान हो जाएगा। हमें कुछ भी न करने के लिए भगवान और भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए। अब मैं अपने लिए जीता हूं। मैं पहले हर चीज के बारे में बहुत सोचता था, लेकिन अब मैं ज्यादा दबाव नहीं लेता। कड़ी मेहनत के



# सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में वाराणसी व अयोध्या की टीमें

एजेंसी



**मुरादाबाद :** खेल निदेशालय उप्र लखनऊ एवं उप्र हैंडबाल संघ के समन्वय से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर महिला हैंडबाल प्रतियोगिता के दो सेमीफाइनल मैच बुधवार को सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम रामगंगा विहार मुरादाबाद में हुए। मैच का शुभारम्भ भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल, मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया गया। प्रतियोगिता का पहले सेमीफाइनल में वाराणसी ने और दूसरे सेमीफाइनल में अयोध्या ने जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अयोध्या बनाम बनारस के मध्य गुरुवार को दोपहर 1 बजे से खेला जाएगा। क्षेत्रीय कीडाधिकारी नरेश चन्द्र यादव एवं क्षेत्रीय ओलम्पिक संघ के सचिव डॉ अजय पाठक ने बुकें व स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल वाराणसी बनाम प्रयागराज के मध्य खेला गया। जिसमें वाराणसी ने 11-5 से जीत दर्ज का फाइनल में जगह बनाई। वाराणसी की ओर से सर्वाधिक स्कोर नैना यादव ने 3, रेशमा ने 2 शिवांगी, सताक्षी, अन्तिमा और काजल ने एक-एक गोल किया। प्रयागराज की ओर से सर्वाधिक गोल वैष्णवी ने 2, मारिया, निधि, ने एक-एक गोल किये।प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल अयोध्या बनाम बस्ती के मध्य खेला गया जिसमें अयोध्या ने बस्ती को 27-25 से से पराजित किया। अयोध्या की ओर से सर्वाधिक गोल अराधना ने 09 राजपति ने 6 दिया ने 5 गोल किया। वही बस्ती की ओर से सताक्षी ने 10 सुनीता ने 07 रचना ने 3 गोल किये। प्रतियोगिता का फाइनल मैच अयोध्या बनाम बनारस के मध्य खेला जाएगा। प्रतियोगिता के निर्णायक, वेजनाथ यादव, नफीस अहमद, संदीप राय, प्रेमप्रकाश, अमित पाण्डेय, सूर्यभान, सूर्यपाल, देवेन्द सिंह, सुधीश सिंह, मोहित सचिन, नवनीत सिंह। इस अवसर कुलदीप सिंह, धीरज सिंह, आसिफ सिद्दीकी, ललिता चौहान, नेहा, सीएल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## फाइनल में लखनऊ के कौस्तुभ ने कानपुर के सात्विक को दी मात

लखनऊ : उप्र टेनिस चैंपियनशिप में बुधवार को फाइनल मैच खेला गया। इसमें खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। अधिकांश वर्ग के फाइनल वर्ग के मुकाबलों में लखनऊ के खिलाड़ियों ने बाजी मार ली। लखनऊ के कौस्तुभ सिंह ने कानपुर के सात्विक गुप्ता को 8-0 से मात दी। वहीं लखनऊ की आशी शमशेरी ने रायबरेली की सौंदर्य जायसवाल को हराकर खिताब जीत लिया। मिनी स्टेडियम विजयंत खंड, गोमती नगर में हुए फाइनल मुकाबले में खिलाड़ियों ने खूब उत्साह दिखाया। पुरुष वर्ग अंडर-10 के सिंगल फाइनल मुकाबले में लखनऊ के आस्विक श्रीवास्तव ने लखनऊ के ही आडविक जैन को 7-4 से मात दे दी। इसी आयु वर्ग में महिला वर्ग के मुकाबले में लखनऊ की शुभी रंजन ने लखनऊ की ही महिका गोपाल को 7-3 से हराया। पुरुष वर्ग अंडर-14 के फाइनल मुकाबले में लखनऊ के कौस्तुभ सिंह ने कानपुर के सात्विक गुप्ता को 8-0 से मात देकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। महिला वर्ग अंडर-14 के हुए फाइनल मुकाबले में लखनऊ की आशि शमशेरी ने रायबरेली की सौंदर्य जायसवाल को 8-7 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। पुरुष वर्ग अंडर- 12 के फाइनल मुकाबले में लखनऊ के युवराज सिंह ने प्रयागराज के हरिश खान को 8-2 से हरा दिया।

# अंडर-19 एशिया कप में भारतीय टीम ने यूएई को 10 विकेट से दी शिकस्त

### छह दिसंबर को सेमीफाइनल में श्रीलंका से होगा सामना

एजेंसी



**शारजाह :** भारतीय अंडर 19 टीम ने बुधवार को अंडर-19 एशिया कप में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। यूएई के खिलाफ इस मैच में भारतीय टीम को जीत के लिए 138 रन का लक्ष्य मिला था, जिसे उसने 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए हासिल कर लिया। इस जीत के साथ भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है, जहां उसका सामना श्रीलंका की टीम से होगा। यह मैच छह दिसंबर को खेला जाएगा। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। टीम 44 ओवर में मात्र 137 रन पर ऑलआउट हो गई। यूएई के लिए सबसे ज्यादा रन रायन खान ने बनाए। रायन ने 48 गेंदों में 3 चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन बनाए। रायन के अलावा अक्षत राय 26 रन, एथन डिसूजा ने 17 रन, उदिश सूरी 16 रन, आर्यन सक्सेना 9 रन, नूरुल्लाह अयोबी 9 रन, हर्ष देसाई 7 रन, अयान खान 5 रन, मुदित अग्रवाल चार रन और अली असगर शम्स ने दो रन का योगदान दिया। याइन राय खाता नहीं खोल सके थे। भारतीय टीम की ओर से युद्धाजीत गुहा ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। चेतन शर्मा और हार्दिक राज को दो-दो विकेट मिले, जबकि केपी कार्तिकेय और आयुष म्हात्रे को एक-एक विकेट मिला। इसके बाद 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 16.1 ओवर में बिना कोई विकेट गंवाए 143 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने 46 गेंद में नाबाद 76 रन की जोरदार पारी खेली। वैभव ने अपनी पारी में 3 चौके और 6 छक्के लगाए। इसके अलावा आयुष म्हात्रे ने 51 गेंद में नाबाद 67 रन बनाए।

## नोयडा : सीएम के सख्त रुख के बाद एक्शन में पुलिस

# जीरो प्वॉइंट पर धरना दे रहे किसान गिरफ्तार

एजेंसी

**नोएडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त रुख के बाद नोएडा पुलिस एक्शन में आ गई है। बुधवार शाम जहां पुलिस ने 123 किसानों को रिहा कर दिया था, वहीं आज जीरो प्वॉइंट पर धरना दे रहे किसानों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस कार्रवाई से सरकार के खिलाफ नाराजगी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे प्राधिकरण से संबंधित किसान अपनी मांगों को लेकर पिछले कई दिन से



आंदोलन कर रहे हैं। इस दौरान किसान संगठनों की अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत बेनतीजा रही। सोमवार को किसानों ने भारी संख्या में दिल्ली कूच किया था लेकिन उन्हें रास्ते में ही रोक लिया गया था। इसके बाद अधिकारियों और किसानों में वार्ता हुई जिसमें किसानों ने प्रशासन को 7 दिनों का समय दिया। इन सात दिनों में समाधान नहीं निकलने पर दिल्ली कूच की घोषणा की गई थी। हालांकि एक दिन भी नहीं गुजरा था कि मंगलवार को पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलनरत सैकड़ों किसानों को गिरफ्तार कर लुकसर जेल भेज दिया था। किसानों की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार शाम को सिसौली में पंचायत भी की गई थी। पंचायत में बुधवार को बड़ा प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। कई जिले के किसानों सुबह रवाना हुए लेकिन पुलिस ने ज्यादातर को रोक लिया। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत भी प्रदर्शन स्थल के लिए सैकड़ों किसानों के साथ निकले मगर टप्पल पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इसके बाद बुधवार को किसानों ने जीरो प्वॉइंट पर पंचायत की और सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। किसानों ने गिरफ्तार सभी किसानों को नहीं छोड़े जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी। बढ़ते दबाव के चलते देर शाम सभी किसानों को पुलिस ने गिरफ्तार किसानों को रिहा कर दिया। इस बीच लखनऊ में मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक की जिसमें उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए हाई पावर कमेटी के गठन के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अराजकता किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी अराजकता फैलाये उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके बाद आज पुलिस जीरो प्वॉइंट पर पहुंच कर धरना दे रहे किसानों को गिरफ्तार कर लिया। इस घटनाक्रम के बाद किसानों में भारी रोष है।

# सुधांशु त्रिवेदी के बयान पर राज्यसभा में हंगामा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संसद के उच्च सदन राज्यसभा में आज पूर्वाह्न शून्य काल के दौरान सुधांशु त्रिवेदी के बयान पर हंगामा हुआ। इस पर सदन की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। त्रिवेदी ने चुनाव और सत्र से पहले विदेशी रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। अंततः सभापति को कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

त्रिवेदी ने पिछले तीन साल का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जब भी संसद का सत्र शुरू होने



वाला होता है, कोई न कोई विदेशी रिपोर्ट जारी होती है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये महज इत्तेफाक नहीं है। आम चुनाव के ठीक पहले कविड वैक्सीन की रिपोर्ट जारी की गई। 20 जुलाई 2023 को संसद सत्र से पहले मणिपुर हिंसा का वीडियो जारी किया गया। बजट सत्र से पहले हिंडन बर्ग की रिपोर्ट जारी की गई। अब मौजूदा सत्र से ठीक पहले एक व्यावसायिक घराने पर एक कोर्ट का आदेश आता है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के दिलों में भारत को झुका देने का सपना है, उन्हें मालूम होना चाहिए कि ये नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला भारत है। भारत स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ रहा है। इस पर सभापति ने कहा कि यह एक गंभीर मामला है। इस पर सभी को एक होने की जरूरत है।

## सुखबीर बादल व अन्य की आज से तख्त केसगढ़ साहिब में शुरू होगी धार्मिक सजा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल (बादल) नेता सुखबीर सिंह बादल व अन्य नेता आज से तख्त केसगढ़ साहिब में धार्मिक सजा भुगतेंगे। इससे पहले इन सबने दरबार साहिब में दो दिन की सजा पूरी की। दरबार साहिब परिसर में बुधवार को हुई गोलीबारी के बाद तख्त केसगढ़ साहिब की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। दरबार साहिब के बाहर सजा भुगतने के दौरान खालिस्तानी आतंकी नारायण सिंह चौड़ा ने सुखबीर बादल पर गोली चलाई थी। तख्त केसगढ़ साहिब में सजा शुरू करने के दौरान सुखबीर बादल व सुखदेव सिंह ढींडखा सेवादार की पोशाक पहनेंगे। हाथों में भाला थामेंगे और गले में तख्ती लटकाकर सेवा करेंगे। एसजीपीसी टास्क फोर्स भी सुखबीर बादल के इर्द-गिर्द तैनात रहेगी। पंजाब के डीजीपी (कानून-व्यवस्था) अर्पित शुक्ला ने कहा कि तख्त केसगढ़ साहिब व अन्य उन सभी स्थानों की सुरक्षा का रिव्यू किया गया है जहां-जहां सुखबीर बादल व अन्य नेता धार्मिक सजा पूरी करेंगे। गुरु घर की मयार्दा के अनुसार सादे लिबास में पुलिस बल तैनात रहेगा।

## पंजाब : तीन तस्कर गिरफ्तार करोड़ों की हेरोइन व साढ़े चार लाख की ड्रग मनी बरामद




एजेंसी

**चंडीगढ़।** नशा तस्करों के विरुद्ध अभियान चलाते हुए पंजाब पुलिस ने भारी मात्रा में नशीला पदार्थ और ड्रग मनी को जब्त किया है। जांच में पता चला है कि नशे की यह खेप सरहद पार से आई थी और इसे पंजाब के साथ-साथ अन्य राज्यों में कई जगह सप्लाई किया जाना था।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर ने विशेष ऑपरेशन के तहत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी अमृतसर के पंजाबी बाग रिसॉर्ट के पास की गई है। ऑपरेशन के दौरान आरोपितों के पास से पांच किलोग्राम हेरोइन और 4.45 लाख रुपए की ड्रग मनी जब्त की गई। मामला दर्ज करने के बाद आरोपितों से उनके संपर्कों के बारे में जानकारी ली जा रही है। आरोपितों के तार अंतरराष्ट्रीय तस्करों से जुड़े हो सकते हैं। इसके बारे में जांच की जा रही है।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर बिकवाली का दबाव

# सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद बिकवाली का दबाव बन जाने से शेयर बाजार की चाल में गिरावट आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.22 प्रतिशत और निफ्टी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से भारती एयरटेल, टीसीएस, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और विप्रो के शेयर 0.81 प्रतिशत से लेकर 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बजाज ऑटो, एनटीपीसी, पावर



ग्रिड कॉरपोरेशन, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर 1.93 प्रतिशत से लेकर 1.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,341 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,144 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,197 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 21 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 226.41 अंक की मजबूती के साथ 81,182.74 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही ये सूचकांक मामूली तेजी के साथ 81,198.87 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली की वजह से ये सूचकांक गिरता चला गया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 178.10 अंक लुढ़क कर 80,778.23 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 71.70 अंक उछल कर 24,539.15 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के बाद पहले 20 मिनट तक इस सूचकांक की चाल में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा लेकिन इसके बाद जोरदार बिकवाली होने की वजह से इस सूचकांक ने लाल निशान में गोता लगा दिया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक गिर कर 24,388.45 अंक तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 64.50 अंक फिसल कर 24,402.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 110.58 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,956.33 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 10.30 अंक यानी 0.04 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,467.45 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करके बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज फिलहाल मिला-जुला कारोबार हो रहा है।

ओपेक प्लस देश की आज होने वाली बैठक में उत्पादन बढ़ाए जाने का फैसला होने की उम्मीद के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार होता रहा। डाउ जॉन्स पहली बार 45,000 अंक के ऊपर बंद होने में सफल रहा। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,086.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके अलावा नैस्डेक



ने 251.96 अंक यानी 1.29 प्रतिशत उछल कर 19,732.87 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.06 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,987.84 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एफटीएसई इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,335.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.66 प्रतिशत उछल कर 7,303.28 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 215.39 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 20,232.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। थाईलैंड के स्टॉक मार्केट में छुट्टी होने की वजह से सेट कंपोजिट इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। हैंग सेंग इंडेक्स 195.45 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,547.01 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स से 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 2,451.65 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.36 प्रतिशत टूट कर 7,300.35 अंक के स्तर तक गिर गया है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,554.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 114.43 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,390.82 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 1.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,841.55 अंक के स्तर पर, ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.35 प्रतिशत उछल कर 23,337.39 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स से 0.16 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,370.18 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## मेडिकल कॉलेज प्राचार्य व ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष को 5.75 लाख अदायगी का आदेश

- गलत ब्लड चढ़ाने से हुई थी महिला की मौत, परिजनों को घटना के समयावधि से 7 प्रतिशत ब्याज देने को भी कहा

एजेंसी

**झांसी।** गलत ब्लड चढ़ाने से महिला की मृत्यु पर पति द्वारा दायर परिवाद में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वारा करीब 9 वर्ष बाद महारानी लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष व प्रधानाचार्य को पांच लाख 74 हजार 693 रुपये अदायगी के आदेश दिए हैं। साथ ही मुकदमा दायर करने से अदायगी तक 07 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से भुगतान करने ,परिवादी को मानसिक कष्ट के लिये 50 हजार रुपये एवं परिवाद व्यय के लिये 10 हजार रुपये की अलग से अदायगी करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता राम बिहारी बिलगैंया ने बताया कि कृष्णा कालोनी, ठंडी सडक दतिया मप्र निवासी रितेश शर्मा की पत्नी प्रियंका की बीमारी के दौरान ब्लड ग्रुप की जांच कराये जाने पर दोनों ही रिपोर्ट में प्रियंका का ब्लड ग्रुप 'ओ पोजीटिव आया था। 05 मार्च 2015 को के. पलारिया नर्सिंग होम में प्रियंका के आपरेशन से बच्चा होने के बाद डाक्टर ने दो बोतल ब्लड की मांग की। मेडिकल कॉलेज में स्थित ब्लड बैंक में परिवादी को मरीज का ब्लड सैंपल लेकर एबी पोजीटिव ब्लड ग्रुप की दो बोतल दी गयी थी। नर्सिंग होम में ब्लड चढ़ते ही मरीज की हालत बिगड़ने पर दूसरे नर्सिंग होम में उसे भर्ती कराया गया। वहां बताया गया था कि गलत ब्लड चढ़ने के कारण गुर्दे फेल हो गये हैं। मरीज ने 10 मार्च 2015 को वेटींलेटर पर ही दम तोड़ दिया। दायर परिवाद में परिवादी ने आर्थिक क्षति, मानसिक कष्ट सहित 20 लाख रुपये दिलाने की मांग की थी। इस पर आयोग अध्यक्ष अमर पाल सिंह व अन्य सदस्यों द्वारा उक्त फैसला सुनाया गया। अदायगी के आदेश दिए गए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### सैमसंग ने टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी को किया लॉन्च

**रांची:** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने सैमसंग टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी को लॉन्च किया है जो कि टीवी देखने के अनुभव में बड़ा बदलाव लेकर आएगी। यह उद्योग का पहला सॉल्यूशन है जो आपको सेट-टॉप बॉक्स के बिना लाइव टेलीविजन देखने की सुविधा देता है। नागराविजन के साथ मिलकर विकसित की गई यह नई टेक्नोलॉजी उपभोक्ताओं को पारंपरिक सेट-टॉप बॉक्स के बिना शानदार मनोरंजन का आनंद उठाने का मौका देती है। टीवी की क्लाउड के साथ लाइव टीवी के भविष्य को सरल बनाते हुए यूजर अब एक ही सैमसंग स्मार्ट टीवी रिमोट का उपयोग करके अपने सभी पसंदीदा लाइव और ऑन-डिमांड सामग्री को एक्सेस कर सकते हैं। यह अतिरिक्त केबल और हार्डवेयर को कम करने, स्वच्छ, आधुनिक और अत्यधिक सहज विजुअल अनुभव मुहैया कराने की दिशा में एक प्रमुख उपलब्धि है। यह टेक?नोलॉजी सैमसंग के 2023 और 2024 कनेक्टेड टीवी मॉडल के साथ कॉम्?पैटिबल है, जिसमें अल्ट्रा एचडी, ओएलईडी, क्यूएलईडी और नियो क्यूएलईडी शामिल हैं। यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सेवा प्रदाता के ग्राहकों को टीवीकी की अनूठी ऑन-चिप सिक्योरिटी का उपयोग करके प्रीमियम सामग्री तक पहुंचने की अनुमति देती है, जिससे उच्च स्तर का कॉन्टेंट प्रोटेक्शन मिलता है। एसआरआई-बेंगलुरू के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपेश शाह ने कहा कि डिजिटल इंडिया को सशक्त बनाने की दिशा में इनोवेशन की श्रृंखला में टीवीकी क्लाउड टेक्नोलॉजी सैमसंग की बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी है। यह केबल और सैटेलाइट टीवी प्रोवाइडर्स को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान करने में मदद करती है ताकि उपभोक्ता सैमसंग टीवी पर अपनी पसंदीदा सामग्री का बिना किसी परेशानी के आनंद ले सकें।

### दसवां सात दिवसीय खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज से

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में स्थित प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में आज से दसवां खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरू होने जा रहा है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल शाम 6:30 बजे इसका शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर राज्यपाल पटेल फिल्म स्टार मुकेश खन्ना और दिवंगत सुपरस्टार राजेश खन्ना के साथ काम करने वाले जाने-माने एक्टर दीपक पाराशर को सम्मानित करेंगे। यह सात दिवसीय फिल्म महोत्सव 11 दिसंबर तक चलेगा। इसमें अनेक फिल्मी हस्तियां शिरकत करेंगी। खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आयोजक राजा बुंदेला ने बताया कि इस बार का महोत्सव राजेश खन्ना को समर्पित है। यह महोत्सव आयोजन दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के शिल्पग्राम परिसर में आयोजित होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज शाम 6:30 बजे इसका शुभारंभ करेंगे। सात दिन तक चलने वाले इस फिल्म फेस्टिवल में मुकेश खन्ना, दीपक पाराशर, कपिल वेदी, रचित वेदी, डिंपल कपाड़िया, पूनम ढिल्लो, रोहितास गौर, आनंद देसाई, कुमुद मिश्रा, मनोज पाहवा शीमा पाहवा और अंजली शाह शामिल होंगे। अंतरराष्ट्रीय अभिनेत्री लॉरा वीसबेकर भी आएंगी। लॉरा वीसबेकर अंतरराष्ट्रीय बहुभाषी फ्रांसीसी अभिनेत्री हैं। वे हास्य कलाकार, लेखिका और निमार्ता हैं। वे जैकी चैन की सीजेड 12 में उनकी भूमिका के लिए 2013 में सर्वश्रेष्ठ नई अभिनेत्री का चीनी हुडिंग पुरस्कार जीत चुकी हैं। इसी तरह तुर्किये के अंतरराष्ट्रीय फिल्म मेकर मुस्तफा ओजगुन भी इस फिल्म महोत्सव में भाग लेने आ रहे हैं। उनकी फिल्मों का प्रदर्शन भी टपरा टॉकीजों में होगा। इस फिल्म महोत्सव में अपना उल्लेखनीय योगदान दे रहे एस्टोनिया में रहे नितिन नंदा उपरोक्त हॉलीवुड कलाकारों के अलावा अन्य कलाकारों को भी विदेशों से लेकर आ रहे हैं। महोत्सव के लिए खजुराहो में पांच टपरा टॉकीज बनाई गईं हैं। इनके नाम राजेश खन्ना अभिनीत फिल्मों के नाम पर रखे गए हैं। महोत्सव के दौरान नवोदित कलाकारों के लिए फिल्म एवं रंगमंच तकनीक कार्यशाला एवं मास्टर क्लास का विशेष आयोजन होगा। कार्यशाला में देश एवं विदेश के प्रतिभागी शामिल होंगे। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान पुणे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली, भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ, मध्य प्रदेश नाट्य वि?द्यालय भोपाल के विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देंगे।

### गौवंशों की तस्करी करने वाले दो गोकश गिरफ्तार भारी मात्रा में कटान का सामान बरामद

**बागपत।** बागपत जिले की थाना सिंघावली अहीर पुलिस ने दो तस्करों को पकड़ा है। तस्कर रात के समय गौवंशों को पकड़कर उनका कटान करते थे और उनकी तस्करी की जा रही थी। तस्करों के पास से भारी मात्रा में गौवंश कटान का सामान बरामद किया गया है। रात के समय सर्विलांश टीम को डोला के पास पूर्वी यमन की पटरी पर कुछ लोगों की संदिग्ध लोकेशन दिखाई दे रही थी। सूचना सिंघावली अहीर पुलिस को दी गयी। सर्विलांस टीम ओर सिंघावली अहीर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एक गाड़ी को रोकने का प्रयाश किया लेकिन गाड़ी में बैठे लोगों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की तो गाड़ी छोड़कर दो लोग फायरिंग करते हुए जंगल में भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनो घायल हो गए। पकड़े गए लोगों में एक व्यक्ति का नाम नफीस है। वह दिल्ली मुत्तफाबाद का रहने वाला है। नफीस पर बागपत जिले में गोतस्करी, गौ हत्या सहित 15 मुकदमें विभिन्न थानों में दर्ज हैं। दूसरे अपराधी का नाम नईम है। यह भोपूरा गाजियाबाद के रहने वाला है। दोनों तस्करों को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस का कहना है कि ये लोग रात के समय गाड़ी लेकर घूमते थे। जहां भी गोवंश मिलता था, उसको बेहोशी का इंजेक्शन लगाकर कटान करके गाड़ी में ले जाते थे। पुलिस ने तस्करों के पास से दो तमंचे, कारतूस, गाड़ी, कटान का सामान, प्रतिबंधित पशु को भी बरामद किया है। दोनों तस्करों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कारवाई की जा रही है।

### बीएसएफ ने सीमावर्ती जिलों से करोड़ों की हेरोइन समेत तीन तस्कर पकड़े

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सीमावर्ती जिलों में सर्च ऑपरेशन चलाते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर-के करीब 30 करोड़ रुपये की हेरोइन जब्त की है। बीएसएफ प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि बुधवार की देर रात चलाए गए एक सर्च अभियान के दौरान बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर क्षेत्र में दो भारतीय तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से चार किलो 524 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इसके अलावा आरोपियों के कब्जे से स्कूटी, बाइक तथा एक लैपटॉप भी बरामद किया गया है। बीएसएफ के अनुसार एक अन्य सर्च ऑपरेशन के दौरान फाजिल्का क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। यह तीनों तस्कर पाकिस्तान से आने वाली हेरोइन को पंजाब व अन्य स्थानों पर पहुंचाने का काम करते थे। इस बीच बीएसएफ ने एक अन्य सूचना के आधार पर पंजाब के सीमावर्ती जिला तरनतारन में कार्रवाई करते हुए खेतों में से 551 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह हेरोइन पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सीमा में ड्रोन के जरिये गिराई गई थी। बीएसएफ द्वारा पता लगाया जा रहा है कि तरनतारन क्षेत्र से बरामद हेरोइन किसी व्यक्ति द्वारा उठाई जानी थी। पंजाब पुलिस तथा बीएसएफ द्वारा इस मामले में जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### चान्हो में सड़क हादसा: दो बाइक की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

चान्हो। बुधवार शाम करीब 7 बजे एनएच-39 पर मदरसा के समीप हुए एक सड़क हादसे में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में बलसोकरा निवासी रब्बानी अंसारी, लोहरदगा निवासी रिशु कुमार और एक अज्ञात व्यक्ति घायल हुए हैं। घटना के दौरान दोनों मोटरसाइकिलें रांची से लोहरदगा की ओर जा रही थीं। मदरसा चौक के पास अनियंत्रित होकर दोनों बाइक आपस में टकरा गईं और सड़क पर पैदल चल रहे रब्बानी अंसारी को भी जोरदार टक्कर मार दी।

गंभीर रूप से घायल रब्बानी अंसारी को चान्हो में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स (राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज) रेफर कर दिया गया है। अन्य घायलों का भी इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही चान्हो पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों मोटरसाइकिलों को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सांसद ढुल्लू महतो ने विद्युत मंत्रालय के सचिव से की मुलाकात

**धनबाद:** सांसद ढुल्लू महतो ने भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सचिव को एक पत्र भी सौंपा है। जिसमें दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के विस्थापितों और स्थानीय ग्रामीणों से जुड़ी समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।

धनबाद सांसद ढुल्लू महतो ने पत्र में उल्लेख किया है कि डीवीसी ने विस्थापितों से जो वादे किए थे उसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि डीवीसी की स्थापना के बाद से करीब 60% से 70% विस्थापितों को अभी तक नियोजन का लाभ नहीं मिला है। पत्र में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल राज्य के लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं, जबकि झारखंड के विस्थापितों को निराशा ही हाथ लगी। इसके अलावा झारखंड के विस्थापितों ने नौकरी की उम्मीद में अपनी जानें गंवाई हैं, जबकि उनके परिजन आज दिहाड़ी मजदूरी करने को मजबूर हैं। सांसद ने पत्र के माध्यम से बताया है कि डीवीसी प्रबंधन ने अब तक लोगों को बुनियादी सुविधाएं पानी, बिजली और सड़क की समस्या का समाधान नहीं किया है। मैथन, पंचेत और धनबाद-जामताड़ा बॉर्डर क्षेत्र में लोगों को इन समस्याओं से आज भी जूझना पड़ रहा है। सांसद ने पत्र में आगे लिखा कि डीवीसी प्रबंधन ने ग्रामीणों को स्वरोजगार के लिए छोटे-छोटे टेंडर देने की योजना को भी अब बंद कर दिया है। ग्लोबल टेंडरिंग प्रक्रिया की वजह से स्थानीय लोग इन अवसरों से वंचित हो गए हैं। जिससे हजारों लोग बेरोजगार हो गए हैं। साथ ही पत्र के माध्यम से बताया है कि कैजुअल और कॉन्ट्रैक्ट मजदूरों को उनकी श्रेणी के हिसाब से वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। साथ ही पीएफ और ईएसआई जैसी बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित रखा गया है।सांसद ढुल्लू महतो ने आगे लिखा है कि जिन गांवों में विस्थापन हुआ था, उन्हें न तो जमीन का हस्तांतरण किया गया है और न ही उनके बच्चों के लिए शिक्षा, आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनवाने में कोई सहायता मिली है।

निरसा विधानसभा के लुआडीह गांव का उदाहरण देते हुए सांसद ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक बताया है। उन्होंने विद्युत मंत्रालय से इन समस्याओं का शीघ्र निवारण करने की मांग की और विस्थापितों की समस्या का समाधान करने का अनुरोध किया है।

### बांग्लादेश में हिंदूओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जामताड़ा में विरोध प्रदर्शन

जामताड़ाः बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए जा रहे अत्याचार के खिलाफ पूरे देश भर में सनातनी हिंदू संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर उनके धार्मिक स्थलों पर और पुजारियों पर अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं जिसे लेकर अब देश में हिंदू संगठन के लोग बांग्लादेश के हिंदुओं के समर्थन में और अत्याचार के खिलाफ एक हो रहे हैं और सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। भारत सरकार से बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं के ऊपर अत्याचार के खिलाफ रोक लगाने की मांग कर रहे हैं। इसी के तहत बुधवार को जामताड़ा में विभिन्न हिंदू संगठन के लोग सैकड़ों की संख्या में सड़कों पर उतरे और बांग्लादेश की सरकार के खिलाफ नारे लगाए।

लोगों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई करने करने की मांग की। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन में उन्होंने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार पर रोक लगाने और इस्कॉन मंदिर के पुजारी को मुक्त करने की मांग प्रमुख रूप से की है। विरोध कर रहे हिंदू संगठन के लोगों ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार काफी बढ़ गया है। वहां हिंदुओं और उनके पवित्र धार्मिक स्थल पर संकट है?। इस्कॉन के पुजारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी हिंदू समाज और संगठनों ने एक होकर भारत सरकार से मांग की है कि वहां के हिंदुओं को सुरक्षित किया जाए।

विरोध प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि हिंदू समाज पर? हो रहे अत्याचार? पर रोक लगे और सनातन धर्म के मंदिरों को सुरक्षित किया जाए। ?प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यदि ऐसे हालात पर रोक नहीं लगी तो स्थिति विकट हो सकती है। भारत में भी ऐसे हालात पैदा हो सकते हैं, इसलिये इस पर फौरन लगाम लगाने की जरूरत है। भारत सरकार को इस पर आगे आकर पहल करनी चाहिए ताकि हिंदू और सनातन धर्म सुरक्षित रह सके।

### जन्म के साथ ही छीन गई मां की ममता, परिवारवाले नवजात बच्ची को अस्पताल में छोड़कर भागे

**धनबाद:** कोयला नगरी धनबाद के एक निजी अस्पताल में शर्मसार करने वाली घटना हुई है। दरअसल, अस्पताल में एक महिला का प्रसव हुआ था। महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया था। बच्ची को दुनिया में लाने के बाद मां चल बसी। उसके बाद नवजात बच्ची के पिता और परिवार के अन्य सदस्य शव अपने साथ लेकर चलते बने, लेकिन नवजात बच्ची को अस्पताल में ही छोड़ दिया। इधर, प्रसूता की मौत के बाद नवजात बच्ची का लगातार स्वास्थ्य बिगड़ रहा था। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद डालसा सचिव और सीडब्लूसी अध्यक्ष अस्पताल पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई में जुट गए हैं। वहीं अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार नवजात बच्ची के जन्म के बाद ओवर ब्लीडिंग के कारण प्रसूता की मौत हुई है। प्रसूता की मौत के नवजात बच्ची के पिता ने बच्ची की जिम्मेदारी लेने से मना कर दिया। पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए धनबाद सीडब्ल्यूसी और डालसा सचिव नवजात की मदद के लिए सामने आये हैं। उनकी देखरेख में अब नवजात बच्ची का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

डालसा सचिव और सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने बताया कि परिवार गिरिडीह जिले से महिला का प्रसव कराने के लिए धनबाद आया था। जहां प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। उसके बाद परिवारवाले नवजात बच्ची को अस्पताल में ही छोड़कर चले गए हैं। जब अस्पताल प्रबंधन ने परिजनों से संपर्क किया तो उन लोगों ने नवजात बच्ची को अपनाने से इनकार कर दिया। यहां तक कि नवजात बच्ची के पिता ने भी अपनी जिम्मेवारी लेने से मना कर दिया।जिसके बाद सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी और डालसा सचिव राकेश रौशन ने अस्पताल जाकर नवजात बच्ची के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिया है। इलाज में आने वाला खर्च डिस्ट्रिक्ट चाइल्ड वेलफेयर कमेटी वहन करेगी। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष और डालसा सचिव ने कहा कि नवजात बच्ची के इलाज के पश्चात भी अगर परिवार वाले उसे नहीं अपनाते हैं तो एडॉप्शन सेंटर भेजने की पहल की जाएगी।

# भगेरिया परिवार का श्रमिकों के साथ सामूहिक खेल का आयोजन व साथ में भोजन करना अनुकरणीय: कमांडेंट द्वितीय

मेट्रो रेज संवाददाता

**चक्रधरपुर :** पश्चिम सिंहभूम में सामाजिक दायित्व के निर्वहन एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम से प्रख्यात भगेरिया परिवार के द्वारा सोनुआ रोड स्थित रामचन्द्रपुर में श्रमिकों के साथ खेलकूद प्रतियोगिता एवं उनके साथ सामुहिक तौर पर वनभोज कार्यक्रम का आनन्द भी उठाया गया। इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ-60 बटालियन के कमांडेंट द्वितीय पवन कुमार भी मुख्य रूप से उपस्थित थें। इस अवसर पर श्री कुमार के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर भगेरिया फाउण्डेशन के प्रमुख बिनोद भगेरिया ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज भगेरिया एवं प्रमोद भगेरिया ने कमांडेंट द्वितीय को पौधा देकर उन्हें सम्मानित भी किया। इस अवसर पर कमांडेंट द्वितीय पवन कुमार ने कहा कि भगेरिया परिवार के द्वारा इस प्रकार का कार्यक्रम निश्चित तौर पर काफी प्रेरणास्त्रोत और अनुकरणीय है। ऐसे कार्यक्रम से आपसी भाईचारा, अपनत्व स्नेह भी बढ़ता है और श्रमिक भाई/बहनों के बीच खेलकूद के प्रतियोगिता के प्रति उत्साह, लगाव भी बढ़ता है। ऐसे कार्यक्रम हमें काफी कुछ बतलाते और सिखलाते हैं। ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए भगेरिया परिवार बधाई के पात्र हैं।









अपने व्यस्तम कार्यक्रम के बीच कमांडेंट द्वितीय पवन कुमार की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी है कि ऐसे अधिकारी भी लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत और अनुकरणीय हैं। भगेरिया परिवार के द्वारा आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में काफी लोगों ने शिरकत किया। इसके अलावे मुख्य रूप से प्रख्यात दंत चिकित्सक डॉ0 राजेश कुमार, पूर्व विधायक शशिभूषण सामड, बलराज हिन्दुवार, डॉ0 शिवपूजन सिंह, सुशील पाड़िया, गोपाल चूंग के अलावे काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए तथा इस खेलकूद प्रतियोगिता का जमकर लुफ्त उठाया।

## खेल कूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को मधुसूदन पब्लिक स्कूल के निदेशक ने किया सम्मानित



ज्योति पाठक

भगेरिया परिवार के द्वारा स्थानीय सोनुआ रोड स्थित रामचन्द्रपुर में आयोजित कामगार और श्रमिकों के साथ प्रबंधन और आमलोगों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता समारोह एवं वनभोज कार्यक्रम में खेलकूद में सफल प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस क्रम में खेल कूद प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों के बीच मधुसूदन पब्लिक स्कूल के निदेशक बलराज हिन्दवार ने कहा कि खेलकूद से मानसिक विकास और शारीरिक स्वस्थता बना रहता है और प्रतियोगिता से प्रतिभागी यह भी सीखते हैं कि हमें आगे बढ़ना है और सफल भी होना है। खेलकूद में जीत और पराजय से ज्यादा हमें इस बात की सीख लेनी चाहिए कि हम निराश ना होकर बेहतर करने का हर संभव प्रयास करें क्योंकि जीवन की यही रीत है हार के बाद ही जीत है। मेहनत और लगन हमारे जीवन का मुख्य लक्ष्य और उद्देश्य होना चाहिए और आज इस खेलकूद प्रतियोगिता में जिस प्रकार से प्रतिभागियों ने अपने दक्षता और लक्ष्य का प्रदर्शन किया वह काफी प्रशंसनीय और प्रेरणास्त्रोत भी है।

## बाघवार क्रिकेट अकादमी ने शारदा ग्लोबल स्कूल को 150 रनों से हराया

मेट्रो रेज संवाददाता

**चान्हो।** बुधवार को वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूनामेंट के तहत खेले गए एक रोमांचक लीग मैच में बाघवार क्रिकेट अकादमी ने शारदा ग्लोबल स्कूल को 150 रनों से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ बाघवार क्रिकेट अकादमी ने अगले दौर में जगह बना ली है।

मैच की शुरूआत बाघवार अकादमी के टॉस जीतने के साथ हुई, जहां उन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के बल्लेबाजों ने इस फैसले को सही साबित करते हुए 34.3 ओवरों में 284 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के ऑलराउंडर अभिषेक महली ने 50 गेंदों में 15 चौकों और एक छक्के की मदद से 86 रनों की धमाकेदार पारी खेली। वहीं हर्षित नयन ने 68 रन बनाए और गेंदबाजी में 6 विकेट लेकर ₹प्लेयर ऑफ द मैच₹ का पुरस्कार अपने नाम किया। हिमांशु महली ने भी 51 रनों का अहम योगदान दिया।

शारदा ग्लोबल स्कूल की टीम लक्ष्य का पीछा करने में नाकाम रही और 29.2 ओवरों में मात्र 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए आयुष कुमार दुबे ने 31, मोहम्मद सज्जाद ने 23, आकाश पांडे ने 15 और आर्य भारती ने 13 रन बनाए। टीम का कोई अन्य बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

बाघवार अकादमी के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। हर्षित नयन ने घातक गेंदबाजी करते हुए 6 ओवरों में 29 रन देकर 6 विकेट चटकाए। शारदा ग्लोबल स्कूल की ओर से अनमोल कुमार ने 6 ओवरों में 34 रन देकर 4 विकेट लिए, जबकि मनमे पांडे ने 5 ओवरों में 43 रन देकर 3 विकेट हासिल किए।

मैच के बाद बाघवार क्रिकेट अकादमी के निदेशक अशोक बाघवार और प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने टीम की प्रशंसा की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय कोच अजय कुमार सिंह और सहायक कोच राहुल महली को दिया। उन्होंने खिलाड़ियों से इसी लय को बरकरार रखते हुए आगामी मैचों में भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

इस शानदार जीत के साथ बाघवार क्रिकेट अकादमी ने टूनामेंट में अपनी दावेदारी मजबूत कर ली है।



## दुमका में सीएसपी संचालक से पिस्टल की नोक पर लूट

**दुमकाः** जिले में मसलिया थाना क्षेत्र के महुलबोना गांव में बुधवार को एक ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक से तीन हथियार बंद अपराधियों ने चालीस हजार रुपये छीन लिए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार दुमका जिला के मसलिया थाना क्षेत्र में इंडियन पोस्ट पेमेंट बैंक शाखा दुमका के सीएसपी संचालक देवकांत यादव तीन वर्षों से यह केंद्र चला रहे हैं। देवकांत यादव के अनुसार बुधवार को एक अज्ञात युवक दुकान पर आया और पूछा कि एक बार में कितने पैसे की निकासी होगी। देवकांत ने बताया कि एटीएम के माध्यम से बीस हजार रूपए तक हो जाएगा, जवाब सुनकर वह युवक चला गया। थोड़ी देर बाद एक बाइक से वह युवक अपने अन्य दो साथियों के साथ पिस्तौल से लैस होकर दुकान पर आया और पिस्तौल माथे पर सटा दिया। इस दौरान बदमाशों ने शोर करने पर जान से मारने की धमकी दी और कैश काउंटर से चालीस हजार लेकर रानीघाघर गांव के रास्ते फरार हो गये। कुछ ग्रामीणों ने अपराधियों का पीछा भी किया लेकिन बाइक बदलकर अपराधी रानीघाघर की ओर निकल गये। घटना के बारे में मसलिया थाना को सूचित किया गया। मसलिया थाना प्रभारी ने घटना स्थल पर पहुंचकर जांच की। पूछने पर बताया कि अनुसंधान चल रहा है। दुमका की ओर अपराधकी निकल गये। रानीघाघर में लगे सीसीटीवी फुटेज से पता चला कि दो बदमाश बाइक से दुमका शहरी क्षेत्र की ओर भागे हैं।

## नेशनल हाइवे पर संगठित गिरोह करवा रहा प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली की तस्करी

मेट्रो रेज संवाददाता

**गिरिडीह:** दिल्ली को कोलकाता से जोड़ने वाली नेशनल हाईवे हमेशा से ही आर्थिक अपराधियों की पसंद रही है। कहा जाता है कि इस मार्ग पर अनगिनत वाहनों की भीड़ के बीच में प्रतिबंधित सामानों को मालगाड़ी में छुपाकर एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश तक पहुंचाना ज्यादा आसान है। यही कारण है कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के द्वारा प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली को इसी मार्ग के माध्यम पश्चिम बंगाल से धनबाद फिर गिरिडीह के डुमरी-बगोदर होते हुए बिहार, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों तक पहुंचाया जा रहा है। यह धंधा संगठित गिरोह के द्वारा चल रहा है। इस प्रतिबंधित मछली से लदे मालवाहक की पासिंग करवाने के लिए भी इस नेशनल हाइवे पर एक गिरोह सक्रिय है।

बताया जाता है कि इस मछली का पालन पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के बॉर्डर इलाके में ज्यादा किया जाता है। चूंकि यूपी-बिहार में यह मछली 300 से 400 रुपये किलो तक बिकती है। जबकि मछली पालन इलाकों में 50 से 70 रुपये किलो मिलती है। ऐसे में प्रतिबंध के बावजूद इसका पालन और तस्करी की जाती है। बताया जाता है कि इस मछली का विकास काफी तेजी से होता है। चार महीने में ही यह मछली दो से तीन किलो तक बड़ी हो जाती है। ऐसे में कम लागत और मुनाफा अधिक होने के कारण भी इसका पालन और तस्करी होती है। जबकि इस मछली के सेवन से कैंसर तक का खतरा रहता है।

पिछले दो दिनों के अंदर गिरिडीह एसपी डॉ बिमल कुमार और डुमरी एसडीपीओ सुमित कुमार को मिली सूचना पर तीन ट्रकों को पकड़ा गया, जिसमें थाई मांगुर बरामद किया गया। दो ट्रक डुमरी थाना पुलिस ने तो एक ट्रक निमियाघाट थाना की पुलिस ने पकड़ा। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए वाहनों में 7-7 क्विंटल मांगुर मछलियां लोड थी। एक वाहन में मछली का जीरा (बच्चा) लोड किया गया था। इस मामले में निमियाघाट थाना पुलिस ने तीन लोगों को जेल भेजा है। जिन्हें जेल भेजा गया है उनमें चालक दक्षिणी 24 परगना ( पश्चिम बंगाल ) निवासी आलोक कुमार माझी, खलासी तरूण कुमार, व्यापारी कोलकाता निवासी मोहेश धड़ा शामिल है। इस मामले में ट्रक मालिक को भी आरोपी बनाया है। वहीं, दूसरी तरफ डुमरी पुलिस पांच लोगों से पूछताछ कर रही है।



वाहनों के साथ पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। यह पता लगाया गया है कि कहां से मछलियों को लोड किया गया था, किन लोगों ने मछलियां लोड करवाई थी, मछली को कहां ले जाया जा रहा था। गिरिडीह जिले में पासिंग करवाने में कौन-कौन लोग शामिल हैं। पूछताछ में दौरान मिली जानकारी के तहत पुलिस आगे की जांच में जुट गई है।

इधर, मछलियों की तस्करी को लेकर डुमरी प्रखंड के रहने वाले बिनोद महतो का कहना है कि प्रतिबंधित मछलियों की तस्करी पर रोकथाम के लिए स्थानीय लोग भी सक्रिय हैं। जब ऐसे अवैध वाहन को लेकर सूचना मिलती है तो प्रशासन को सहयोग भी किया जाता है। दो दिनों में ग्रामीणों का पूरा सहयोग प्रशासन को मिला है। उन्होंने कहा कि इन मछलियों की तस्करी में मंडल गिरोह का भी हाथ है। ऐसे मछलियों के कई वाहन में इसी तरह के गिरोह का पासिंग बिल्टी भी रहता है। ऐसे मछलियों को गिरिडीह के रास्ते यूपी, बिहार, हरियाणा भेजने में पूरा सिंडिकेट लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग इस गिरोह का खुलासा करने की मांग कर रहे हैं। पुलिस की तरफ से सकारात्मक भरोसा मिला है।

डुमरी के एसडीपीओ सुमित कुमार कहते हैं कि थाई मांगुर मछली के मार्ग से गुजरने की जब भी सूचना मिली है तो त्वरित कार्रवाई की गई है। तीन माह पहले भो दो ट्रक से मांगुर मछली को पकड़ा गया था। इस बार भी सूचना पर कार्रवाई हुई और ट्रकों को पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के अवैध कारोबार में शामिल और गिरिडीह के रास्ते पासिंग करवाने वालों की पहचान की जा रही है।